दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-50 सीहोर,बुधवार 08 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश अधिकार से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई

### -सरकार ने भारत में धार्मिक विविधता का दिया उदाहरण



नई दिल्ली,(ए.)। केरल के सबरीमाला मंदिर समेत तमाम धार्मिक स्थलों पर महिलाओं को प्रवेश के समान अधिकार से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संविधान पीठ ने मंगलवार को सुनवाई शुरू की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस बीवी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, एजी मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्य बागची भी शामिल हैं।

इस मामले की सुनवाई में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखीं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट को 'धार्मिक संप्रदाय' और 'आवश्यक धार्मिक प्रथा' की संकीर्ण व्याख्या से बचना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि अगर इन अवधारणाओं को बहुत सख्ती से लागू किया गया, तो हिंदू धर्म पर इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है। केंद्र ने धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। हालांकि, केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि वह इस मामले में किसी एक पक्ष के साथ खड़ी नहीं है, बल्कि केवल संवैधानिक प्रश्नों पर अपनी राय रख रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुनवाई के दौरान केंद्र ने भारत की धार्मिक विविधता का उदाहरण देते हुए अजमेर दरगाह और शिरडी साईबाबा मंदिर का उल्लेख किया। मेहता ने कहा कि भारत में कई धर्मों और संप्रदायों के लोग ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह या निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर दर्शन करने जाते हैं। इससे यह साबित होता है कि भारत में धार्मिक पहचान और आस्था का ढांचा बेहद जटिल और बहुस्तरीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग एक अलग संप्रदाय का रूप ले लेते हैं, लेकिन वे बड़े धार्मिक ढांचे का हिस्सा भी बने रहते हैं।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत की धार्मिक संरचना अनूठी और विविधतापूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि 'धार्मिक संप्रदाय' को परिभाषित करने के लिए अमेरिकी जैसे कठोर सिद्धांतों को आंख बंद करके लागू नहीं किया जा सकता।

## मणिपुर के बिष्णुपुर में बम धमाका, दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत से इलाके में भारी तनाव



इंफाल,(ए.)। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ ट्रोंगलाओबी अवांग लेइकाई इलाके में मंगलवार तड़के हुए एक भीषण बम विस्फोट में दो मासूम बच्चों की जान चली गई। इस दुखद हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त है और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। फिलहाल पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुटी हैं। जानकारी के अनुसार, यह शक्तिशाली विस्फोट रात लगभग 1:05 बजे एक रिहायशी घर के भीतर हुआ। उस वक्त घर में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ सो रही थी। धमाका इतना जबरदस्त था कि सो रहे 5 वर्षीय मासूम बालक और उसकी मात्र 5 महीने की छोटी बहन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हमले में बच्चों की मां को भी चोटें आई हैं, हालांकि उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित घर पहुंची दिल्ली-असम पुलिस

### सीएम सरमा की पत्नी ने पासपोर्ट धोखाधड़ी के आरोपों पर दर्ज कराई है एफआईआर





नई दिल्ली,(ए)। असम पुलिस ने मंगलवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित घर पहुंची। यह सब असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान द्वारा उनके खिलाफ पासपोर्ट धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर एफआईआर दर्ज कराने के बाद हुआ। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने असम पुलिस की मदद की। इससे पहले हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया था कि कांग्रेस ने एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूह की झूठी जानकारी के आधार पर उनकी पत्नी के कई पासपोर्ट होने और दुबई में संपत्तियां होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान असम चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और गौरव गोगोई ने सीएम सरमा की पत्नी की या उनके परिवार की दुबई में संपत्ति होने, अमेरिका के व्योमिंग में कंपनियां होने या मुखौटा कंपनियों में संपत्ति होने का आरोप लगाया था। इसके एक दिन बाद सीएम हिमंता सरमा ने कहा कि ये आरोप चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए लगाए गए हैं, जो कानून के तहत दंडनीय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उनकी पत्नी के खिलाफ जो दस्तावेज इस्तेमाल किए वे ''पाकिस्तानीज इन अजमान'' नाम के एक सोशल मीडिया समूह से लिए गए थे और उनकी तस्वीर को किसी पाकिस्तानी व्यक्ति के खोए हुए पासपोर्ट पर छेड़छाड़ कर लगाया गया था।

## मध्य प्रदेश के सभी जिलों में 8 से 14 अप्रैल तक मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

### - भिंड में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले प्रभारी मंत्रियों को दिए आवश्यक निर्देश

भोपाल (आरएनएस.)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ. अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम 8 अप्रैल से आरंभ होकर 14 अप्रैल तक चलेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भिंड जिला मुख्यालय पर होगा। जिला मुख्यालयों सहित सभी विकासखंडों में भी अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रभारी मंत्रियों को अपने प्रभार के जिले के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर, आवश्यक समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संत रविदास जयंती वर्ष के



उपलक्ष्य में 31 मार्च 2027 तक सामाजिक समरसता कार्यक्रमों का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जाएगा। कार्यक्रमों की रूपरेखा जिला स्तर पर तैयार होगी। मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को सामाजिक समरसता कार्यक्रमों का जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### *मुख्यमंत्री ने प्रदेश को सड़कों की सौगात देने के लिए प्रधामनंत्री मोदी का माना आभार*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीता सप्ताह मध्य प्रदेश के लिए शुभ रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश को नए फोरलेन मार्गों की कई स्वीकृतियां प्रदान कर सौगातें दी। एन.एच. 46 के इटारसी-बैतूल सेक्शन में 758 करोड़ रुपये लागत के 22 किलोमीटर लंबे टाइगर कॉरिडोर को स्वीकृत किया गया। इसी तरह प्रदेश के निवाड़ी और उत्तर प्रदेश के झांसी को जोड़ने वाले 15.6 किलोमीटर लंबे फोरलेन दक्षिणी बाइपास के निर्माण और बंगाय खास से ओरछा तिगेला के निर्माण तथा एन.एच. 44 और एन.एच. 39 को जोड़ने वाली लिंक रोड के लिए 631.73 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।

## अमरावती बनी आंध्र प्रदेश की आधिकारिक राजधानीः राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद नया कानून लागू

नई दिल्ली (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में अमरावती को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। उनके हस्ताक्षर के बाद सोमवार को केंद्रीय विधि मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी की गई। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अधिसूचना को एक्स पर साझा कर लिखा, आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती है। पिछले दिनों संसद के बजट सत्र के दौरान आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम संशोधन विधेयक 2026 को दोनों सदनों में बहुमत से पारित किया गया था।

वर्ष 2014 में आंध्र प्रदेश से तेलंगाना राज्य निकला।

## देश में एलपीजी के बाद अब सीएनजी और पीएनजी पर भी संकट के बादल?

### -रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज के पास कतर के दो एलएनजी टैंकरों को रोका



नई दिल्ली,(ए.)। एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और कीमतों में उछाल के बाद अब देशभर के घरों-वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी और पीएनजी पर भी संकट मंडरा रहा हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर रखा है, जहां से भारत के ज्यादातर एलएनजी आयात होते हैं। नेचुरल गैस लिक्विफाइड फॉर्म (एलएनजी) में ही आयात किया जाता है। इसे टैंकरों से भारत लाया जाता है, फिर रिगैसीफाई करके पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) और सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) में बदला जाता है। दरअसल ये आशंका ईरान की ताजा कार्रवाई के बाद बढ़ी है।ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के समुद्री रास्ते की ओर जा रहे कतर के दो एलएनजी टैंकरों को रोक दिया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा सप्लाई बुरी तरह प्रभावित है। सूत्र के मुताबिक ईरान ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका के साथ हुए एक समझौते के तहत इन जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी थी। नाम न छापने की शर्त पर सूत्र ने बताया कि यह कदम उसी बातचीत का हिस्सा था।हालांकि, शिप-ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक सोमवार तक दोनों जहाज संयुक्त अरब अमीरात के तट पर तैनात थे और उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार नहीं किया था।

## नागपुर में आरएसएस मुख्यालय के पास विस्फोटक का जखीरा मिला, इलाके में अलर्ट जारी

नागपुर ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय से 2 किलोमीटर दूर विस्फोटकों का जखीरा मिलने से हड़कंप मच गया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इलाके में नियमित निगरानी के दौरान विस्फोटक सामग्री देखी गई थी, जिसके बाद तुरंत बम निरोधक दस्ते और फोरेंसिक टीमों बुलाया गया। इलाके में घेराबंदी की गई और अलर्ट जारी किया गया है। इलाके में और विस्फोटक की संभावना को देखते हुए बड़ा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुबह सीए रोड स्थित दोसर भवन चौक के एक घर के छोटे गार्डन में विस्फोटक मिलने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान मौके से 15 जिलेटिन छड़े, 58 डेटोनेटर और 8 कनेक्टर बरामद हुए हैं। अनुमान है कि विस्फोटक यहां पिछले डेढ़ महीने से रखे थे। पुलिस सभी विस्फोटक को सुरक्षित तरीके से जब्त कर दूसरी जगह ली गई और उनकी जांच कर रही है।पुलिस ने बताया कि यह इलाका बेहद संवेदनशील है। जहां विस्फोटक मिला है, वहां से 200 मीटर दूर जामा मस्जिद, 500 मीटर दूर पोद्दारेश्वर राम मंदिर और 2 किलोमीटर दूर आरएसएस मुख्यालय है। पुलिस ने संभावना जताई है कि हाल में यहां के काटोल इलाके में एसबीएल कंपनी में विस्फोटक हादसा हुआ था।

## कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के नेटवर्क का भंडाफोड़, 16 साल से फरार चल रहे आतंकी सरगना अबू हुरैरा समेत 5 गिरफ्तार

श्रीनगर ,(आरएनएस)। जम्मू और कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। श्रीनगर से अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब्दुल्ला पिछले 16 सालों से फरार था। अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के बाहर लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने बनाने में कामयाब रहा था। पुलिस ने कहा कि अब्दुल्ला के अलावा एक अन्य पाकिस्तानी आतंकवादी उस्मान उर्फ खुबैब को भी इस बड़े अभियान में गिरफ्तार किया है। इस बड़ी कार्रवाई में जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों ने भी भाग लिया। जांच एजेंसियों ने जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा सहित 19 जगहों की छापेमारी की गई। साथ ही आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है।जांच में लश्कर-ए-तैयबा के एक गहरे नेटवर्क का खुलासा हुआ, जो आतंकवादियों को सामान और वित्तीय सहायता प्रदान करने में शामिल था।




## मध्यप्रदेश पुलिस की संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

### विगतएक सप्ताह में 1 करोड़ 11 लाख रूपए से अधिक की संपत्ति बरामद

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में विगत एक सप्ताह के दौरान संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध की गई प्रभावी कार्यवाहियों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। विभिन्न जिलों में की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस ने1 करोड़ 11 लाख रूपएसे अधिक मूल्य की संपत्ति बरामद की है।

#### इंदौर

इंदौर ग्रामीण के थाना किशनगंज क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर हुई सनसनीखेज लूट की घटना का पुलिस द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। घटना के पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया। टीम द्वारा घटना स्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया, साथ ही तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करते हुए टीम अजमेर (राजस्थान) तक पहुंची, जहां स्थानीय पुलिस एवं जीआरपी के सहयोग से दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से वाहन को पंचर कर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से सोने की चैन के टुकड़े, नगदी, मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त वाहन एवं हथियार सहित कुल 31 लाख 68हजार रूपए की संपत्ति जब्त की गई। इसी क्र म में एक



अन्य कार्यवाही में थाना कनाडिया, इंदौर पुलिस ने अंतर्राज्यीय शातिर बदमाशों की गैंग के एक सदस्य को हरियाणा के गुड़गांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा मानेसर (हरियाणा) में तीन दिन तक रुककर ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखते हुए सुनियोजित कार्रवाई की गई और अवसर मिलते ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया सोने-चांदी के जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त कार सहित लगभग 25 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की है।

#### टीकमगढ़

जिले के थाना खरगापुर एवं बम्हौरीकलां क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, साइबर तकनीक एवं मुखबिर तंत्र के समन्वित उपयोग से गिरोह के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने सुनसान घरों की रेकी कर रात्रि में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी, चोरी में प्रयुक्त वाहन एवं औजार सहित कुल 18 लाख 88हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है।

#### कटनी

जिले के थाना माधवनगर पुलिस ने फिनो पेमेंट बैंक डिस्ट्रीब्यूटर से हुई लगभग 13 लाख रूपए की नगद चोरी का चंद घंटों में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से 12 लाख 51 हजार रूपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त वाहन जब्?तकिया गया।

#### शिवपुरी

कोतवाली पुलिस द्वारा नकबजनी की दो घटनाओं का सफलतापूर्वक पर्दाफाश करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से तीन फ्रिज, मिक्सर, एलईडी टीवी, साउंड सिस्टम, पीतल की धातु की सामग्री एवं चोरी में प्रयुक्त लोडिंग वाहन सहित करीब 5 लाख रूपए की संपत्ति जब?त की है।

#### उज्जैन

जिले के थाना घट्टिया पुलिस ने रेस्टोरेंट से चोरी हुए सोने के आभूषण, लेडीज पर्स एवं मोबाइल सहित लगभग 9 लाखरूपए की संपत्ति जब्त की है। वहीं नागदा थाना पुलिस ने मात्र 60 घंटे में चोरी का खुलासा करते हुए 4 लाख 60 हजार रूपए के चांदी के जेवरात जब्त कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## सबसे अधिक वोट मुस्लिम और अल्पसंख्यकों के काटे गएः ममता बनर्जी

नदिया (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में मतुआ,राजबंशी और अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट से नाम हटाए जा रहे थे। चकदा में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि टीएमसी उन लोगों के साथ खड़ी रहेगी जिनके नाम विशेष गहन मतदाता सूची संशोधन के बाद मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। सीएम ममता ने सवाल उठाते हुए



कहा कि, यह भेदभाव क्यों? आप मतुआ, राजबंशी और अल्पसंख्यकों को अलग-थलग कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि लोग इसे नहीं समझते? मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि मुर्शिदाबाद, माल्दा और उत्तर दिनाजपुर जैसे महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक आबादी वाले जिलों में, मतदाताओं की सूची से नामों को सिर के जूं की तरह चुनकर हटा दिया गया। ममता बनर्जी ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट में उनके हस्तक्षेप के बाद, 'विचाराधीन' लगभग 60 लाख मामलों में से लगभग 32 लाख नाम बहाल कर दिए गए हैं। साथ ही ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले हटाए गए मतदाता नामों को बहाल करने के लिए ट्रिब्यूनल में जाने का वादा किया । उन्होंने विस्थापित महिलाओं सहित वास्तविक मतदाताओं के बहिष्कार पर चिंता व्यक्त की व मतुआ के गढ़ में ठाकुर परिवार के भीतर विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ चेतावनी दी।





# संक्षिप्त समाचार

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

### जनसुनवाई में लगभग 200 आवेदन प्राप्त हुए

भोपाल, (निप्र.)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में एडीएम अंकुर मेश्राम, पीसी शाक्य, प्रकाश नायक ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से लगभग 200 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम श्री मेश्राम, पीसी शाक्य, श्री नायक ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## भोपाल में खुलेगा वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भोपाल में वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (फाइनेंस ट्रेंनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) खोले जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज मंत्रि-परिषद की बैठक में एफटीआरआई की स्थापना के संबंध में अपनी स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान की स्थापना की स्वीकृति लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रि-परिषद का आभार माना है। उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि इसका उद्देश्य राज्य की वित्तीय शासन प्रणाली एवं प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना है। वर्तमान में प्रदेश में 7 संभागीय लेखा प्रशिक्षण शालाएँ संचालित हैं। इनमें प्रशिक्षण का मानकीकरण, आधुनिक डिजिटल दक्षता तथा शोध एवं नवाचार के पर्याप्त समावेश का अभाव है। इनके कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक एकीकृत, आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता वाली संस्थागत व्यवस्था की आवश्यकता है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि संस्थान को प्रशिक्षण, शोध, नीति समर्थन एवं नवाचार के राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्टता केन्द्र सेन्टर फॉर एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिये राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंध संस्थान (NIFM), भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और नाबार्ड (NABARD) आदि प्रतिष्ठित संस्थानों से समन्वय किया जाएगा।

## भोपाल में स्वास्थ्य विभाग पर सवाल, सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को नोटिस, एनएसयूआई ने लगाए गंभीर आरोप

भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। टीकाकरण अभियान में कथित लापरवाही को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनीष शर्मा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है।लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर मंगलवार को स्वास्थ्य आयुक्त धनराजू एस ने डॉ. मनीष शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में उन्हें एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा गया है, अन्यथा नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिले में तय लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति नहीं हो सकी, जिससे राज्य की समग्र उपलब्धियों पर नकारात्मक असर पड़ा है। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जवाब तलब किया गया है। इधर, इस मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मंगलवार को सीएमएचओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाओं और टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान देने के बजाय फर्जी अस्पतालों से कथित वसूली में व्यस्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश रावत के साथ मिलकर फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जा रही हैं।रवि परमार ने कहा कि राजधानी में ही टीकाकरण की स्थिति चिंताजनक है, ऐसे में पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर ने भी गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि डॉ. मनीष शर्मा के खिलाफ पहले से लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज होने के बावजूद उन्हें भोपाल जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी देना चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि सीएमएचओ को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन स्वास्थ्य संचालनालय और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के निवास का घेराव करेगा तथा प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। संगठन ने दोहराया कि वह प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और आमजन के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

## अच्छा कार्य करने वालों को मिलता है सम्मान : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल

भोपाल (ए.)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल वल्लभ भवन में मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठन की यह सराहनीय पहल है कि वे केवल अपनी मांगों के लिए संघर्ष ही नहीं करते, बल्कि उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वालों को पहचान अवश्य मिलती है। ऐसे कार्यक्रम इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि मेहनत और सकारात्मक कार्य को देखा और सराहा जाता है।

**प्रशासनिक कार्यों में प्रारंभिक टिप्पणी अत्यंत महत्वपूर्ण**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेष रूप से फाइलों पर उत्कृष्ट टीप लिखने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यों में प्रारंभिक टिप्पणी का अत्यंत महत्व होता है, क्योंकि वही आगे की प्रक्रिया को दिशा देती है। सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों को निश्चित रूप से सम्मान और पहचान मिलती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने वाले पत्रकार समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। उन्होंने बच्चों, आपदा के समय साहस दिखाने वाले कर्मचारियों, वरिष्ठ पत्रकारों और अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित करने की इस परंपरा को अत्यंत प्रशंसनीय बताया। उन्होंने कहा कि कार्य को सलीके और कुशलता से करने वाले ही सफलता प्राप्त करते हैं। ऐसे आयोजनों से उत्कृष्ट कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन होता है और अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है।

# सशक्त और परिपक्व हो रहा है भारतीय लोकतंत्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### विधानसभा का ही लघु स्वरूप है विधानसभा समितियां : विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश का लोकतंत्र सशक्त हो रहा हैं। हमारा लोकतंत्र निरंतर परिपक्व हो रहा है। लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा अभिव्यक्ति के प्रमुख मंच हैं। विपक्ष की सकारात्मक आलोचना का भी इन सदनों के सत्रों में स्वागत किया जाता है। कई बार सदस्यों की अभिव्यक्ति और दिए गए सुझावों से सही दिशा में कार्य करना संभव हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार, मध्यप्रदेश विधानसभा की विभिन्न समितियों के सुझावों पर कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित सभा समितियों की संयुक्त बैठक को विधानसभा में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा समितियों की संयुक्त बैठक आहूत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी नवगठित समितियों के सभापतियों और सदस्यों को मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के साथ ही अन्य राज्यों में भी इन समितियों के भ्रमण होते हैं। विधानसभा का गत दिसम्बर माह में विशेष सत्र हुआ था, जो एक श्रेष्ठ परम्परा के रूप में हमारे सामने उदाहरण है। विभिन्न



समितियां अपनी सक्रिय भूमिका से योजनाओं के आंकलन और विश्लेषण का दायित्व निभाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि मध्यप्रदेश विधानसभा के वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल स्वर्णिम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकतंत्र में बहनों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बनाने की पहल की है। पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। आने वाले समय में संसद में एक तिहाई स्थानों पर महिलाओं की भूमिका होगी। इसके लिए अप्रैल माह में ही संसद का विशेष सत्र हो रहा है। महिलाओं के लिए प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने की दिशा में जो पहल हुई है वह हमारे लोकतंत्र के परिपक्व और सशक्त होने का ही प्रमाण है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि हमें पूर्वजों के बलिदान के कारण स्वतंत्रता मिली है। लोकतांत्रिक व्यवस्था हमारे लिए गर्व का विषय है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है। विधानसभा की भूमिका माँ की तरह होती है। सभी सदस्य ऐसा ही भाव रखकर कार्य कर रहे हैं। विधानसभा की समितियां विधानसभा का ही लघु स्वरूप हैं।

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा सदस्यों पर यह दारोमदार है कि वे गठित समितियों का महत्व स्थापित करें। आचरण समिति की रिपोर्ट का भी अध्ययन करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधानसभा की समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समितियों के माध्यम से जनहित के अनेक कार्य पूर्ण होते हैं। प्रारंभ में विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने संयुक्त बैठक में उपस्थित अतिथियों और सदस्यगण का स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और सभा समितियों के सभापति और सदस्यगण उपस्थित थे। संयुक्त बैठक के समापन पर प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई ने आभार व्यक्त किया।

## जिला एवं तहसील स्तर पर भी कामर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करें



भोपाल (ए.)। अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम एवं मध्यपूर्व देशों की स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा के लिये गठित मंत्रिमण्डल समिति की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने जिला एवं तहसील स्तर पर कामर्शियल एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की आपूर्ति की समीक्षा की। बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि किसी भी स्तर की अनियमित्ता एवं कालाबाजारी पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही करें। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दें। प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का सरकार पर हमला, किसान, न्याय व्यवस्था और लोकतंत्र पर उठाए सवाल

भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंगलवार को भोपाल में मीडिया से चर्चा करते हुए कई अहम मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने गेहूं खरीदी में देरी, दतिया प्रकरण, राज्यसभा चुनाव और आरएसएस जैसे विषयों पर तीखी प्रतिक्रिया दी।उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश के किसान लगातार सरकार की उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गेहूं खरीदी की तारीखें बार-बार बदली जा रही हैं। पहले मार्च, फिर 1 अप्रैल, 10 अप्रैल और अब 9 अप्रैल तय की गई है। इस बीच बारिश से किसानों की फसल खराब हो रही है, लेकिन सरकार केवल घोषणाएं कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार



किसानों की आवाज उठा रही है और उन्होंने स्वयं भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया है।सिंघार ने सवाल उठाया कि भाजपा से जुड़े किसान संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या किसानों की चिंता सिर्फ चुनाव के समय ही की जाती है? दतिया मामले में न्याय की उम्मीद नेता प्रतिपक्ष ने दतिया मामले का जिक्र करते हुए कहा कि देश में चुनावी सत्तावाद की स्थिति बनती जा रही है और संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि कांग्रेस की लड़ाई है और उन्हें न्यायपालिका से जल्द न्याय मिलने की उम्मीद है।

**राज्यसभा चुनाव पर 'हॉर्स ट्रेडिंग' का आरोप**

सिंघार ने आरोप लगाया कि भाजपा का इतिहास सरकारें गिराने और विधायकों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा रहा है, ऐसे में राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है और सभी विधायक पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे

## भोपाल में खुलेगा वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भोपाल में वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (फाइनेंस ट्रेंनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) खोले जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज मंत्रि-परिषद की बैठक में एफटीआरआई की स्थापना के संबंध में अपनी स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान की स्थापना की स्वीकृति लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रि-परिषद का आभार माना है। उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि इसका उद्देश्य राज्य की वित्तीय शासन प्रणाली एवं प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना है। वर्तमान में प्रदेश में 7 संभागीय लेखा प्रशिक्षण शालाएँ संचालित हैं।

## अक्षय तृतीया पर बच्चों की शादी की तो खैर नहीं

### - 181 और 1098 पर एक कॉल और रुक जाएगा विवाह




भोपाल (ए.)। अक्षय तृतीया (20 अप्रैल) पर होने वाले सामूहिक विवाह में बाल विवाहों को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग निगरानी कड़ी करने जा रहा है। सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष और उडनदस्ते गठित किए जाएंगे, जिससे सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया जा सके। सचिव महिला एवं बाल विकास जीवी रश्मि ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर बाल विवाह रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अक्षय तृतीया को ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पंच, सरपंच, सचिव और पार्षद बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ लेंगे। अक्षय तृतीया को प्रदेश में बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह होते हैं। इनमें बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। पंचायत और वार्ड कार्यालयों में इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## जैविक हाट बाजारों से मिल रही जैविक खेती को बढ़ावा : कृषि मंत्री श्री कंषाना

### उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो रहे शुद्ध उत्पाद

भोपाल(ए.)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में जैविक हाट- बाजारों के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को उचित बाजार उपलब्ध हो रहा है। उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं रसायन-मुक्त उत्पाद सुलभ कराने के उद्देश्य से लगाये जा रहे जैविक हाट में किसान अपने उत्पाद जैसे ताजी सब्जियां, फल, दालें, अनाज, मसाले एवं अन्य घरेलू उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा रहे हैं।कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि जैविक हाट की विशेषता यह है कि यहां उत्पाद बिना किसी बिचौलिये के सीधे किसानों से खरीदे जा सकते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य प्राप्त होता है और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उचित दर पर मिलती है। जैविक हाट-बाजार मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला प्रशासन की विशेष पहल है। लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने के लिए जैविक हाट-बाजार उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।कृषि उपज मंडी परिसर जबलपुर में विगत दिवस जैविक हाट का सफल आयोजन किया गया। जैविक हाट में उपभोक्ताओं की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। यह लोगों में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और जैविक उत्पादों की मांग को दर्शाता है। केवल जैविक उत्पादों की खरीदारी की, बल्कि जैविक खेती के तरीकों और उसके लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# भोपाल मंडल ने 1414 ऑनलाइन दिव्यांग रेलवे रियायत कार्ड जारी किए

### दिव्यांगजनों के रेलवे रियायत कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन सुविधा

भोपाल (निप्र)। शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए भोपाल रेल मंडल लगातार प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में इस वितीय वर्ष 2025-2026 में कुल 1414 रेलवे दिव्यांग जारी किये गये। रियायत कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा है जिससे दिव्यांगों को अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े। दिव्यांग अभी भी जानकारी के अभाव में इस ऑनलाइन आवेदन सुविधा का पूरी तरीके से लाभ नहीं ले पा रहे है। साथ ही निर्धारित प्रकिया के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन न करने, गलत आवेदन, अपूर्ण आवेदन, सही दस्तावेज को संलग्न न करने के कारण ऑनलाइन आवेदन अस्वीकृत होते है। दिव्यांग




आवेदक को ऑनलाइन फॉर्म भरते अथवा जानकर सहयोगी से भराते समय सावधानीपूर्वक सही जानकारी एवं उपयुक्त दस्तावेज अपलोड करने होंगे। अन्यथा आवेदन अस्वीकृत हो जायेंगें। दिव्यांग ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन-दिव्यांग रियायत कार्ड बनवाने के लिए सभी दस्तावेजों की प्रतिलिपियों की स्वप्रमाणित कर ऑनलाइन वेबसाइट https://divyang-janid.indianrail.gov.in पर अपलोड करें। दिव्यांग सेल प्रभारी श्रीमती ज्योति तिवारी एवं कर्मचारी आकाश मीना द्वारा आवेदक के अपलोड किये गये सभी दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के बाद कार्ड जारी किया जाता है, जिसकी सूचना प्रार्थी को मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाती है।

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रेल रियायत कार्डों के माध्यम से दिव्यांग यात्रियों को किराए में छूट के साथ-साथ नियमानुसार परिचारक के साथ यात्रा करने की सुविधा प्रदान की जाती है। भोपाल रेल मंडल का यह कदम सरकार द्वारा दी जा रही रियायतों का लाभ अधिक से अधिक योग्य यात्रियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। दिव्यांग यात्रियों के हित में इस प्रकार के प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## भोपाल मंडल होकर सोगरिया-धनबाद के बीच 13 ट्रिप विशेष एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन

भोपाल (निप्र)। यात्रियों की ग्रीष्मकालीन अवकाश में बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा भोपाल मंडल होकर सोगरिया-धनबाद-सोगरिया के मध्य ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि गाड़ी संख्या 09821 (सोगरिया-धनबाद) दिनांक 16.04.2026 से 09.07.2026 तक प्रत्येक गुरुवार को 13 फेरों में सोगरिया से रात्रि 23.10 बजे प्रस्थान कर गुना 02.20 बजे एवं अशोकनगर 03.05 बजे आगमन कर तीसरे दिन शनिवार को रात्रि 03.45 बजे धनबाद जंक्शन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09822 (धनबाद-सोगरिया)



दिनांक 18.04.2026 से 11.07.2026 तक प्रत्येक शनिवार को 13 फेरों में धनबाद जंक्शन से 05.15 बजे प्रस्थान कर दुसरे दिन रविवार को अशोकनगर 02.00 बजे एवं गुना 03.35 बजे आगमन कर प्रात: 07.35 बजे सोगरिया पहुँचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में सोगरिया, बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जंक्शन, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जंक्शन, कोडरमा, पारसनाथ, एनएससी बोस जंक्शन गोमो स्टेशनों पर ठहराव लेकर गंतव्य को जाएगी। इस विशेष गाड़ी में 04 सामान्य श्रेणी, 05 शयनयान श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकॉनॉमी तथा 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अपील है कि गाड़ी की स्थिति एवं ठहराव की जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

## भोपाल में लोक भवन के सामने फूटी पाइपलाइन, 150 मीटर सड़क धंसी, जर्जर हिस्से से ही गुजरी विधानसभा अध्यक्ष की गाड़ी

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार दोपहर लोक भवन (राजभवन) के सामने अचानक सड़क धंस गई। जिससे सड़क के नीचे से गुजर रही पानी की पाइपलाइन फटने से कुछ ही मिनटों में पूरा इलाका पानी से लबालब हो गया और करीब 150 मीटर सड़क तालाब में तब्दील हो गई। घटना करीब दोपहर डेढ़ बजे की बताई जा रही है। घाटी से बड़े तालाब तक जाने वाली बिना फिल्टर पानी की पाइपलाइन में लीकेज होने के बाद तेज दबाव के कारण वह फट गई। तेज बहाव ने सड़क के नीचे की मिट्टी को कमजोर कर दिया, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। हालात ऐसे हो गए कि सड़क पर करीब एक फीट तक पानी भर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिस वक्त सड़क धंसी, उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था। यदि उस समय ट्रैफिक होता, तो गंभीर हादसा हो सकता था।

### कायस्थ महापरिषद म.प्र. का प्रांतीय अधिवेशन चित्रांश मंगल भवन जवाहर चौक पर आयोजित किया गया

# युवाओं को स्वाबलंबी बनाने युवाओं को स्व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने प्रेरित करें : इंजी. मयंक श्रीवास्तव

### युवाओं को आधुनिक तकनीकी व प्रशिक्षण से लैस करना हमारा लक्ष्य : विलक्षण सक्सेना

भोपाल। कायस्थ महापरिषद मध्यप्रदेश का प्रांतीय अधिवेशन विगत दिनांक 05 अप्रैल 2026 को चित्रांश मंगल भवन जवाहर चौक पर आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर मयंक श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम के आयोजक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव ने सामाजिक बंधुओं से अपील की कि वे युवाओं को स्वाबलंबी बनाने पर जोर दें। युवाओं को स्व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने प्रेरित करें। युवा स्वाबलंबी बनेगा तो समाज मजबूत होगा। दूसरी तरफ प्रदेश अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के सर्वाहारा वर्ग को सहारा नहीं बल्कि सहयोगी की भूमिका का सामाजिक बंधु अहसास कराएं। संगठन के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष विलक्षण सक्सेना ने कहा कि वे युवाओं को आधुनिक तकनीकी से लैस करने के लिए वृहद प्रशिक्षण के पक्षधर हैं, और इसके लिए उनकी टीम प्रयास भी कर रही है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए राष्ट्रीय महामंत्री दिनेश माथुर गोपाल मोहन जोहरी उपाध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव डॉक्टर अर्चना सहाय एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बहुत अधिक मात्रा में पदाधिकारी थे। प्रदेश पदाधिकारी में महामंत्री मनीष माथुर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश वर्मा मीडिया प्रभारी दिनेश खरे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, बसंत श्रीवास्तव, रामसरण खरे संजय श्रीवास्तव।




समाज के सर्वाहारा वर्ग को सहारा नहीं बल्कि सहयोगी की भूमिका का सामाजिक बंधु अहसास कराएं : अजय श्रीवास्तव




## सोशल मीडिया विवाद ने लिया हिंसक रूप, महिला को मारी गईं तीन गोलियां; हत्या के प्रयास का केस दर्ज

नरसिंहपुर (ए.)। नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव थाना क्षेत्र के मालीवाड़ा गांव में सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर चल रहा विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक महिला पर फायरिंग कर दी, जिसमें उसे तीन गोलियां लगीं, जबकि उसका पति भी घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता सविता पटेल के पति ऋषिराज पटेल का रिमझा चौराहे पर शुभम पटेल से पहले से विवाद चल रहा था। इसी दौरान सविता पटेल बीच-बचाव के लिए पहुंचीं, जहां आरोपियों ने उनकी गाड़ी पर मिर्च पाउडर फेंका और उनके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि विवाद के बाद जब दंपत्ति घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में गिरवर पटेल ने बुलेट मोटरसाइकिल से उनकी गाड़ी रोक ली। इसके बाद आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर पत्थरबाजी की।

# 'सर मुझे पास कर दो, मेरी साली से आपकी शादी करवा दूंगा', 10वीं और 12वीं की कॉपियों में लिखी गुजारिश

ग्वालियर (ए.)। मध्य प्रदेश में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियां जांच रहे शिक्षकों को इस बार छात्रों की ओर से लिखी गई अजीबोगरीब गुहार, प्रार्थनाएं और प्रस्ताव पढ़ने को मिले, जिन्हें देखकर शिक्षक भी हैरान रह गए। ग्वालियर में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के कुल 2,66,173 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। इस वर्ष शिक्षकों को 100 से अधिक कॉपियों में छात्रों द्वारा लिखी गई अनोखी अपीलें मिलीं।

कुछ छात्रों ने पास कराने के लिए चौंकाने वाले प्रस्ताव भी दिए। एक छात्र ने लिखा कि सर, मुझे पास कर दीजिए, मैं आपकी शादी अपनी साली से करवा दूंगा। वहीं एक छात्रा ने लिखा कि सर, अगर मैं फेल हो गई तो मेरी शादी टूट जाएगी, कृपया पास कर दीजिए।" एक अन्य छात्र ने लिखा कि गर्लफ्रेंड के ब्रेकअप के कारण वह पढ़ाई नहीं कर सका और पास करने की गुहार लगाई।

कई छात्राओं ने लिखा कि उनकी शादी तय है और फेल होने पर उन्हें प्रताड़ना झेलनी पड़ सकती है, इसलिए उन्हें पास किया जाए। वहीं करीब 23 से अधिक छात्रों ने अपने माता-पिता की गंभीर बीमारी जैसे कैंसर का हवाला देते हुए पढ़ाई न कर पाने की बात लिखी और पास करने की अपील की।



मूल्यांकन प्रभारी के अनुसार, कॉपियों पर क्रकोड होने के कारण छात्रों या अभिभावकों को मूल्यांकन केंद्र की जानकारी नहीं मिल पाती। यही वजह है कि कमजोर या कम तैयारी वाले छात्र कॉपियों में भावनात्मक संदेश लिखते हैं।

शिक्षकों ने बताया कि कुछ छात्रों ने कॉपियों में 500 रुपये के नोट रखकर पास कराने की मांग की। कुछ ने शायरी लिखी, तो कुछ ने मोबाइल नंबर लिखकर ऑनलाइन रिश्वत देने का प्रस्ताव तक रखा। हालांकि, शिक्षकों ने इन सब बातों को नजरअंदाज करते हुए केवल नियमों के अनुसार मूल्यांकन किया।

बोर्ड के संभागीय अधिकारी मारुति सोमकुंवर ने बताया कि इस वर्ष जिले के 49 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षाओं में शामिल हुए। कॉपियों की जांच पूरी हो चुकी है और परिणाम 12 अप्रैल तक घोषित किए जाने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष परिणाम 6 मई को जारी हुआ था।

## घर में घुसे बदमाशों ने दंपति को बंधक बनाया, मारपीट के दौरान व्यापारी की मौत, आभूषण लूटकर फरार हुए आरोपी

धार (ए.)। जिले की सरदारपुर तहसील के ग्राम गोंदीखेड़ा चरण में देर रात सनसनीखेज डकैती और हत्या की वारदात सामने आई है, जहां हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यापारी के घर में घुसकर दंपति को बंधक बनाकर मारपीट की और विरोध करने पर व्यापारी की हत्या कर दी। बदमाश घर से लाखों रुपए के आभूषण लूटकर फरार हो गए।

## मनचलों से तंग छात्रा ने खुद को लगाई आग, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, 4 नाबालिगों पर केस दर्ज



सागर (ए.)। जिले के मालथौन थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां छेड़छाड़ और मारपीट से तंग आकर नौवीं कक्षा की एक 14 वर्षीय छात्रा ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। गंभीर हालत में छात्रा को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद सहित चार नाबालिगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़िता के पिता के अनुसार आरोपी पिछले तीन महीनों से उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। वह छात्रा के ही स्कूल में पढ़ता है और बस से आने-जाने के दौरान उसे प्रताड़ित करता था। आरोपी अक्सर छात्रा को फोन कॉल कर परेशान करता था। परिजनों ने पहले आरोपी को समझाने की कोशिश की थी लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी अपने तीन साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंच गया। वहां आरोपियों ने परिवार के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले।

आरोपियों की प्रताड़ना और धमकी से डरी-सहमी छात्रा घर के अंदर गई और खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और चादर की मदद से आग बुझाई लेकिन तब तक छात्रा की गर्दन, छाती और दोनों हाथ बुरी तरह झुलस चुके थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मालथौन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। थाना प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि दो नामजद और दो अन्य (कुल 4) आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिक जांच में चारों आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं।

## 'जहां मूर्तियां, वहां नमाज कैसे हो सकती', प्रवीण तोगड़िया ने उठाए सवाल; कहा- ये जिद नहीं चलेगी

धार (ए.)। केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार की भोजशाला में हिंदू समाज सत्याग्रह के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित हुआ। समाज के लोगों ने सुबह हनुमान चालीसा का पाठ किया और सामूहिक पूजन किया। सत्याग्रह के बाद अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया भोजशाला पहुंचे और पूरे परिसर का अवलोकन किया।

इस दौरान भोज उत्सव समिति के गोपाल शर्मा ने उन्हें परिसर की ऐतिहासिकता और वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मीडिया से बातचीत में तोगड़िया ने कहा कि वे 23 साल पहले यहां ताला खुलवाने के आंदोलन में शामिल हुए थे, जब एक लाख लोगों की सभा हुई थी। उन्होंने कहा कि वे फिर से सरस्वती माता के दर्शन और आशीर्वाद लेने आए हैं।

तोगड़िया ने परिसर में मौजूद संरचनाओं का हवाला देते हुए कहा कि यहां शिवलिंग, कार्तिकेय स्वामी की मूर्ति, शंख और दीवारों पर कालसर्प योग के चक्र जैसे साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जहां मूर्तियां और मंदिर के चिह्न हैं, वहां नमाज



कैसे हो सकती है। उन्होंने मांग की कि भोजशाला में वाग्देवी की मूल प्रतिमा स्थापित कर निर्बाध पूजा की अनुमति दी जाए और नमाज की अनुमति न दी जाए।

उन्होंने कहा कि अब मुगल काल समाप्त हो चुका है और वर्तमान सरकारें धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में हिंदुओं को अपने आस्था स्थल पर पूर्ण पूजा का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सद्भाव एकतरफा नहीं हो सकता। तोगड़िया ने न्यायालय के निर्देश पर हुए वैज्ञानिक सर्वे का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और प्राप्त शिलालेख व कलाकृतियां भोजशाला के मूल स्वरूप को उजागर करेंगी।

इससे पहले तोगड़िया बदनावर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान चालीसा का नियमित पाठ समाज और राष्ट्र को मजबूत करेगा। उन्होंने मंगलवार और शनिवार को सामूहिक पाठ का आह्वान किया और बताया कि अगले एक वर्ष में देशभर के एक लाख स्थानों पर इसका आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य 10 करोड़ हिंदू परिवारों को जोड़ना है और सेवा कार्यों को गति देना है। तोगड़िया ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य है कि देश में कोई व्यक्ति भूखा न रहे। इसके लिए हर परिवार से एक मुट्ठी अनाज एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुंचाने की योजना है। उन्होंने परिवारों से बेटियों को बचपन से ही सही-गलत की समझ देने की अपील की और समाज से एकता बनाए रखने तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## व्यापार समाचार

# शेयर बाजार लगातार चौथे दिन हरे निशान पर बंद

नई दिल्ली (ए.)। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और वैश्विक बाजारों में तेजी के कारण निवेशकों का मनोबल बढ़ने से मंगलवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दर्ज की गई। आईटी शेयरों में खरीदारी ने शुरुआती नुकसान के बाद बाजारों में रिकवरी में मदद की। घरेलू शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन हरे निशान पर क्लोजिंग हुई है।

मंगलवार को शुरुआती गिरावट से ऊबरकर 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक या 0.69 प्रतिशत बढ़कर 74,616.58 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसने 74,686.32 का उच्च और 73,282.41 का निम्न स्तर छुआ, जिसमें 1,403.91 अंकों का उतार-चढ़ाव आया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 155.40 अंक या 0.68 प्रतिशत चढ़कर 23,123.65 पर बंद हुआ। भारतीय रुपया दोपहर 3:30 बजे तक डॉलर के मुकाबले 0.1त्न बढ़कर 92.98 पर पहुंच गया। पिछले सत्र में रुपया 93.06 के स्तर पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इंफोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। इंटरग्लोब एविएशन,



अदानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन पिछड़ने वालों में शामिल थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत गिरकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के रिसर्च एनालिस्ट और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, भारतीय बाजारों में दिन के दौरान तेजी से रिकवरी देखने को मिली, निफ्टी ने शुरुआती नुकसान को पलटते हुए उच्च स्तर हासिल कर लिया। यह रिकवरी मुख्य रूप से शॉर्ट-कवरिंग और चुनिंदा सेक्टोरल मजबूती के कारण हुई, न कि व्यापक स्तर पर खरीदारी के विश्वास के कारण।

उन्होंने कहा कि आज की तेजी का एक प्रमुख कारण आईटी क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन था, जिसने एक रक्षात्मक आधार के रूप में काम किया। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग में छुट्टी के कारण बाजार बंद थे।

यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 8,167.17 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 8,088.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को सेंसेक्स 787.30 अंक या 1.07 प्रतिशत बढ़कर 74,106.85 पर बंद हुआ। निफ्टी 255.15 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 पर समाप्त हुआ।



## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 7 पैसे की बढ़त के साथ ही 92.97 पर बंद हुआ। आज सुबह कारोबार के दौरान रुपया 17 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.07 पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, डॉलर की मजबूती और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण घरेलू मुद्रा दबाव में है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.05 प्रति डॉलर पर खुला। फिर नीचे आकर 93.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को 28 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.90 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 100.11 पर रहा।




## प्रवासी मजदूरों को राहतः सरकार ने दोगुना किया पांच किलो वाले एलपीजी सिलिंडर का कोटा, बुकिंग के नियम बदले

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने देश भर के विभिन्न राज्यों में प्रवासी मजदूरों को एक बड़ी राहत देते हुए 5 किलो वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी' (एफटीएल) गैस सिलिंडरों का दैनिक आवंटन (कोटा) दोगुना करने का फैसला किया है। मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बीच सरकार यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास कर रही है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। पेट्रोलियम मंत्रालय के इस अहम नीतिगत फैसले से शहरों में काम करने वाले लाखों श्रमिकों को सीधा फायदा मिलेगा।

### कोटे में बढ़ोतरी और वितरण का नया ढांचा

पेट्रोलियम मंत्रालय की एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सिलिंडर का यह बढ़ा हुआ आवंटन प्रवासी श्रमिकों को प्रदान की जाने वाली औसत दैनिक आपूर्ति पर आधारित होगा। यह संशोधित नया आवंटन सरकार द्वारा मार्च में घोषित की गई 20 प्रतिशत की पिछली सीमा के पार चला गया है।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

## - सोना 1.49 लाख और चांदी 2.3 लाख के पार



नई दिल्ली (ए.)। सोना और चांदी के भाव में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली। घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों की कीमतों पर दबाव बना रहा, जिससे निवेशकों में सतर्कता का माहौल नजर आया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का जून वायदा कॉन्ट्रैक्ट 222 रुपये की गिरावट के साथ 1,49,759 रुपये पर खुला। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 1,49,981 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय सोना 181 रुपये की कमजोरी के साथ लगभग 1,49,800 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान इसने 1,49,823 रुपये का उच्च स्तर और 1,49,625 रुपये का निचला स्तर छुआ। गौरतलब है कि इस साल सोना 1,80,779 रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुका है। वहीं चांदी के मई वायदा कॉन्ट्रैक्ट में भी सुस्ती देखने को मिली। यह 1,379 रुपये की गिरावट के साथ 2,32,000 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 2,33,379 रुपये था। कारोबार के दौरान चांदी करीब 804 रुपये टूटकर 2,32,575 रुपये के आसपास ट्रेड करती नजर आई। इस दौरान इसका उच्च स्तर 2,32,575 रुपये और निचला स्तर 2,31,800 रुपये रहा। इस वर्ष चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर तक जा चुकी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कमजोरी का रुख बना रहा। कॉमेक्स पर सोना 4,678.60 डॉलर प्रति औंस पर खुला और बाद में गिरकर 4,671.40 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं चांदी 72.86 डॉलर पर खुलकर 72.58 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार करती दिखी। कुल मिलाकर, वैश्विक संकेतों के दबाव में सोना और चांदी दोनों में आज गिरावट का रुख देखने को मिला।

## व्हाटसएप ला रहा नया 'नॉस कैन्सलेशन' फीचर, अब भीड़भाड़ वाली जगहों पर आएगी एकदम क्लियर आवाज

नई दिल्ली (आरएनएस),। व्हाटसएप अपने यूजर्स के लिए लगातार नए फीचर्स पर काम करता रहता है और इसी कड़ी में अब एक बड़ा अपडेट सामने आया है। कंपनी जल्द ही 'नॉइस कैंसिलेशन' फीचर लॉन्च करने की तैयारी में है, जिससे वॉइस और वीडियो कॉलिंग का अनुभव पहले से कहीं ज्यादा बेहतर होने वाला है। फिलहाल यह फीचर कुछ बीटा यूजर्स के लिए टेस्टिंग में देखा गया है।

### भीड़-भाड़ में भी साफ सुनाई देगी आवाज

इस नए फीचर की मदद से कॉल के दौरान बैकग्राउंड में मौजूद शोर अपने आप कम हो जाएगा। चाहे ट्रैफिक का शोर हो, हवा की आवाज या आसपास की भीड़—यूजर्स को कॉल पर सामने वाले की आवाज काफी साफ सुनाई देगी। खासतौर पर आउटडोर या शोरगुल वाले माहौल में यह फीचर बेहद उपयोगी साबित होगा।

### बीटा यूजर्स को मिल रही झलक

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नॉइस कैंसिलेशन फीचर फिलहाल एंड्रॉइड के कुछ बीटा यूजर्स के लिए उपलब्ध है। अगर आपने बीटा वर्जन इंस्टॉल किया हुआ है, तो 2.26.14.14 अपडेट के साथ कॉलिंग सेक्शन में इस फीचर को देखा जा सकता है। हालांकि, इसे अभी धीरे-धीरे रोलआउट किया जा रहा है, इसलिए सभी यूजर्स तक पहुंचने में थोड़ा समय लग सकता है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## एचडीएफसी बैंक की पारदर्शिता पर गहरे सवाल

हालिया घटनाओं से एचडीएफसी बैंक की पारदर्शिता पर गहरे सवाल उठे हैं। चेयरमैन के इस्तीफे और तीन अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद लोगों के मन में अनेक संदेह तैर रहे हैं। इन्हें दूर करने का विश्वसनीय प्रयास अविलंब किया जाना चाहिए।

अंदेशा है कि मार्केट कैपिटलाइजेशन, ग्राहक आधार, और शाखा नेटवर्क के लिहाज़ से भारत में प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी की साख पर उठे सवाल देश की वित्तीय अर्थव्यवस्था पर दूरगामी असर छोड़ सकते हैं। इसलिए इस बारे में पूरी पारदर्शिता बरतते हुए बैंक के सभी हितधारकों सहित पूरे देश को भरोसे में लिया जाना चाहिए। इस समय जबकि देश अंदरूनी एवं अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण गंभीर आर्थिक चुनौतियों के मुकाबिल है, बैंकिंग सेक्टर से जुड़ी एक अतिरिक्त समस्या का बोझ उठाने की स्थिति में वह नहीं होगा।

बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने पिछले हफ्ते अपने पद से इस्तीफा देते हुए कहा कि इस संस्था के अंदर देखी गई कुछ प्रथा और घटनाएं उनकी अपनी व्यक्तिगत नैतिकता से मेल नहीं खातीं। हालांकि उन्होंने बैंक के भीतर कोई ठोस समस्या होने से इनकार किया और फुर्ती दिखाते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी बैंक की वित्तीय स्थिति को लेकर लोगों को आश्वस्त करने की कोशिश की, मगर बाद की घटनाओं से साफ है कि उससे बात नहीं बनी है। नैतिक कारणों से चेयरमैन के इस्तीफा देने से साफ संकेत मिला कि बैंक का संचालन सही तरीके से नहीं हो रहा है।

फिर दो दिन बाद ही बैंक ने अपने तीन वरिष्ठ अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया। उन पर एटी-1 बॉन्ड्स की अनुचित ढंग से बिक्री का आरोप लगाया गया है। मतलब यह कि जो बॉन्ड सुरक्षित निवेश बताकर बेचे गए, वे बाद में जोखिम भरे साबित हुए। एटी-1 उच्च जोखिम वाले बॉन्ड होते हैं, जिन्हें बैंकों की पूंजी संरचना मजबूत करने के लिए जारी किया जाता है। फिर इस घटनाक्रम के दौरान इस ओर भी ध्यान गया है कि बैंक में पिछले दो वर्षों में कम-से-कम छह वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दिया या बैंक से उनका संबंध विच्छेद हुआ। स्पष्टतः ये घटनाएं बैंक की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। इसीलिए चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद से बैंक के शेयरों में लगातार गिरावट दर्ज की गई। तो साफ है कि निवेशकों सहित अन्य हितधारकों के मन में अनेक संदेह तैर रहे हैं। इन्हें दूर करने का विश्वसनीय प्रयास अविलंब किया जाना चाहिए।

## (चिंतन-मनन) सच्चे ज्ञानी की विशेषता

*व्यक्ति सत्संगति से तीन वस्तुओं को-शरीर, शरीर का स्वामी या आत्मा तथा आत्मा के मित्र को- एक साथ संयुक्त देखता है, वही सच्चा ज्ञानी है। जब तक आध्यात्मिक विषयों के वास्तविक ज्ञाता को संगति नहीं होती, वे अज्ञानी हैं, वे केवल शरीर को देखते हैं, और जब यह शरीर विनष्ट हो जाता है, तो समझते हैं कि सब कुछ नष्ट हो गया। लेकिन वास्तविकता यह नहीं है। शरीर के विनष्ट होने पर आत्मा तथा परमात्मा का अस्तित्व बना रहता है, और वे अनेक विविध चर तथा अचर रूपों में सदैव जाते रहते हैं। कभी-कभी संस्कृत शब्द परमेश्वर का अनुवाद जीवात्मा के रूप में किया जाता है, क्योंकि आत्मा ही शरीर का स्वामी है और शरीर के विनाश होने पर वह अन्यत्र देहांतरण कर जाता है। इस तरह वह स्वामी है। लेकिन कुछ लोग इस परमेश्वर का अर्थ परमात्मा लेते हैं। प्रत्येक दशा में परमात्मा तथा आत्मा दोनों रह जाते हैं। वे विनष्ट नहीं होते। जो इस प्रकार देख सकता है, वही वास्तव में देख सकता है कि क्या घटित हो रहा है।*

*जीव, अपना भौतिक अस्तित्व स्वीकार करने के कारण अपने आध्यात्मिक अस्तित्व से पृथक स्थित हो गया है। किंतु यदि वह यह समझता है कि परमेश्वर अपने परमात्मा स्वरूप में सर्वत्र स्थित हैं, अर्थात यदि वह भगवान की उपस्थिति प्रत्येक वस्तु में देखता है, तो वह विघटनकारी मानसिकता से अपने आपको नीचे नहीं गिराता, और इसीलिए वह प्रमशः वैकुण्ठ-लोक की ओर बढ़ता जाता है। सामान्यतया मन इंद्रियतृप्तिकारी कार्यों में लीन रहता है, लेकिन जब वही परमात्मा की ओर उन्मुख होता है, तो मनुष्य आध्यात्मिक ज्ञान में आगे बढ़ जाता है। यह शरीर परमात्मा के निर्देशानुसार प्रकृति द्वारा बनाया गया है और मनुष्य के शरीर के जितने भी कार्य संपन्न होते हैं, वे उसके द्वारा नहीं किए जाते। मनुष्य जो भी करता है, चाहे सुख के लिए करे या दुख के लिए, वह शारीरिक रचना के कारण उसे करने के लिए बाध्य होता है।*

# नई उम्मीद वाली आप पार्टी अपनों के हाशिये पर क्यों?

– सौरभ वार्ष्णेय

आम आदमी पार्टी ने भारतीय राजनीति में एक नई उम्मीद जगाई थी। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से उपजी पार्टी पारदर्शिता, ईमानदारी और जनभागीदारी के वादों के साथ आजादी वाले तेवर के साथ नायक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप ने दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी जैसे मुख्य मुद्दों पर उल्लेखनीय काम कर लोगों का विश्वास जीता। लेकिन समय के साथ कई ऐसे कारण सामने आए हैं, जिनसे जनता के एक वर्ग में आप पार्टी मोहभंग की स्थिति बनी है। शुरुआत में आप' ने नई राजनीति' का दावा किया था, लेकिन समय के साथ वही परंपरागत राजनीतिक रणनीतियां अपनाने के आरोप लगे। दल-बदल, राजनीतिक समझौते और सत्ता बनाए रखने की प्राथमिकता ने इसके मूल आदर्शों पर सवाल खड़े किए। जिस पार्टी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई से शुरुआत की, उसी पर अब विभिन्न घोटालों के आरोप लगे हैं। खासकर दिल्ली की शराब नीति को लेकर उठे विवाद ने पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया। इससे जनता के बीच भरोसे में कमी आई है। समय-समय पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का बाहर होना या निष्कासन, जैसे कि योगेंद्र यादव और प्रशांत भूषण का अलग होना, संगठन के भीतर असहमति और केंद्रीकरण की ओर इशारा करता है। धीरे -धीरे यह नई उम्मीद वाली पार्टी अपनों के हाशिये पर क्यों हैं यह चिंतन का विषय है।

दिल्ली की राजनीति में आम आदमी पार्टी और उसके युवा चेहरे राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच उभरे विवाद ने फिर एक बार पुरानी बोतल में नई शराब वाली स्थिति व इसको लेकर आम आदमी पार्टी पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला केवल एक व्यक्ति और पार्टी के बीच मतभेद का नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों में अनुशासन, पारदर्शिता और नेतृत्व शैली की भी परीक्षा है। इसका जीता जागता उदाहरण पहले भी सामने आए हैं जिनमें प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास सहित अन्य चेहरे अलग हो गए। कुमार आप पार्टी के वह नेता थे जो अरविंद केजरीवाल के साथ उस दौर से थे जब उन्होंने अपनी नौकरी सहित सब कुछ दांव पर लगाकर साथ दिया था। उनके बाद आम आदमी पार्टी में कई दौर ऐसे आ चुके हैं जिनमें अन्य कद्दावर नेतागण योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, शाजिया इल्मी, आशुतोष, कपिल मिश्रा, अलका लांबा, कैलाश गहलोत, मयंक गांधी, अंजलि दमानिया, सुभाष वारे, आनंद कुमार सहित अन्य नाम भी साथ छोड़ चुके हैं व स्वाति मालीवाल आम आमदी पार्टी को छोड़ चुके हैं। अब एक नाम और शामिल हो रहा है वह हैं राघव चड्ढा, जो कि प्रमुख युवा नेताओं में गिने जाते हैं, कम समय में राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। लेकिन हाल के घटनाक्रमों ने उनके और पार्टी नेतृत्व के बीच खिंचाव की स्थिति को उजागर मनभेद को उजागर किया है। आरोप-प्रत्यारोप, निर्णय प्रक्रिया में मतभेद और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा—ये सभी तत्व इस विवाद को जटिल बनाते हैं।



राजनीतिक दल किसी एक व्यक्ति से बड़े होते हैं। आप ने हमेशा सामूहिक नेतृत्व और पारदर्शिता की बात की है। ऐसे में यदि पार्टी का कोई वरिष्ठ नेता सार्वजनिक रूप से अलग रुख अपनाता है, तो यह संगठनात्मक अनुशासन पर प्रश्नचिह्न लगाता है। दूसरी ओर, लोकतंत्र में व्यक्तिगत विचारों की अभिव्यक्ति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।आप ने खुद को एक वैकल्पिक और स्वच्छ राजनीति के प्रतीक के रूप में स्थापित किया था। इस तरह के विवाद पार्टी की उस छवि को धक्का पहुंचा सकते हैं। विपक्ष के लिए यह एक अवसर बन जाता है कि वह पार्टी की आंतरिक एकता और विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। यह विवाद आप नेतृत्व के सामने एक बड़ी चुनौती भी है—कैसे वे असहमति को संभालते हैं। क्या पार्टी संवाद के जरिए समाधान निकालती है या अनुशासनात्मक कार्रवाई का रास्ता अपनाती है, इससे भविष्य की राजनीति तय होगी।

आम आदमी पार्टी और राघव चड्ढा के बीच का यह टकराव भारतीय राजनीति के उस व्यापक सच को सामने लाता है, जहां व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और संगठनात्मक अनुशासन के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होता। यदि इसे समझदारी और संवाद से सुलझाया गया, तो यह पार्टी को और मजबूत बना सकता है; लेकिन अगर विवाद बढ़ता है, तो इसका असर न केवल पार्टी बल्कि उसकी विश्वसनीयता पर भी पड़ेगा।

आप पर यह आरोप भी लगता रहा है कि पार्टी में निर्णय लेने की शक्ति कुछ लोगों तक सीमित होती जा रही है। इससे सामूहिक नेतृत्व' की अवधारणा कमजोर पड़ी है हालांकि दिल्ली में कुछ क्षेत्रों में प्रगति हुई है, लेकिन अन्य राज्यों में विस्तार के दौरान आप को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। पंजाब में सत्ता मिलने के बावजूद चुनौतियां बरकरार हैं, जिससे पार्टी की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं पर असर पड़ा है। आम आदमी पार्टी का उदय भारतीय लोकतंत्र में एक सकारात्मक प्रयोग था, जिसने राजनीति में नई सोच और उम्मीद पैदा की। लेकिन यदि पार्टी को जनता का विश्वास बनाए रखना है, तो उसे अपने मूल सिद्धांतों पर लौटना होगा, पारदर्शिता बढ़ानी होगी और आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करना होगा। अन्यथा, आम आदमी' की उम्मीदों पर खरा उतरने का दावा धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जाएगा।

अगर हम आम आदमी पार्टी राज्यसभा सांसदों पर नजर डाले तो अप्रैल 2026 तक, आम आदमी पार्टी के पास राज्यसभा में 10 सांसद हैं, जो मुख्य रूप से पंजाब और दिल्ली से हैं। हाल ही में हुए बदलावों में, अशोक मित्तल को राघव चड्ढा की जगह राज्यसभा में पार्टी का नया उपनेता नियुक्त किया गया है। अब ऐसे में अगर अरविंद केजरीवाल के पुराने साथियों की बात करें तो अब कुछ ही साथी शेष बचे हैं। ऐसे में क्या पार्टी इस अंतकलह को बचायेगी ? क्या राघव चढ्ढा से सुलह हो जायेगा ? आदि ऐसे विषय हैं जिनका हल सिर्फ सिर्फ अरविंद केजरीवाल के पास है।

## नाले से गैस निकालें और आत्मनिर्भर बनें

हरिशंकर व्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक कहा है कि भारत में गैस का या तेल का कोई संकट नहीं है। उन्होंने अपने मंत्रियों और अन्य नेताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाएं और उनको बताएं कि तेल और गैस का संकट नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे आत्मविश्वास के साथ बताएं कि कोई संकट नहीं है। चार मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी गुरुवार को साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भी यही कहा कि तेल और गैस का कोई संकट नहीं है। अब असली बात क्या है? असली बात तेल या गैस का संकट नहीं है, बल्कि असली बात आत्मविश्वास है। देश तेल या गैस से नहीं आत्मविश्वास से चलता है। अगर आत्मविश्वास है कि तेल और गैस का कोई संकट नहीं है तो इसका मतलब है कि कोई संकट नहीं है।

देश के जो लोग गैस एजेंसियों के सामने कतार लगा कर खड़े हैं, धक्के खा रहे हैं, गैस की बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं, जो होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं, कैंटीन्स बंद की जा रही हैं, हवाई किराया बढ़ाया जा रहा है, अयोध्या की राम रसोई बंद हुई है, सुप्रीम कोर्ट और कांग्रेस मुख्यालय की कैंटीन में कैटरिंग का काम सीमित किया गया है, आईआरसीटीसी के बारे में कहा जा रहा है कि वह कैटरिंग में कटौती करने वाला है, यह सब असल में एक साजिश है, जो सरकार को बदनाम करने वाले लोगों ने रची है। यह भी कह सकते हैं कि अमेरिका वाले जॉर्ज सोरोस या उस तरह का कोई टूलकिट लगा है, जिसको भारत के विश्वगुरू बनने से चिढ़ है और वह इकोसिस्टम सरकार और देश को बदनाम करने के लिए इस तरह के काम करा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा भी कि कुछ लोगों का काम पैनिक फैलाना होता है।

# तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भूमिका कितनी !

अजय दीक्षित

भारत दक्षिण में अरब सागर और हिन्दमहासगर को मिलाने वाले राज्य तमिलनाडु में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव है। 234 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके और स्व जयललिता की एआईडीएमके के बीच है। इस बार एआईडीएमके एनडीए के घटक बनकर, भारतीय जनता पार्टी के साथ चुनाव लड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी को 27 सीट पर चुनाव लड़ना है। वही अभिनेता विजय की पार्टी एमडीएम अलग से सभी सीट पर चुनाव मैदान में है।

तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के लिए अभी भी दूर की कौड़ी है। यद्यपि उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन यही से आते हैं वे कोयम्बतूर से दो बार 1998,99 में सांसद निर्वाचित हुए थे।2014 में एक राधाकृष्णन भी कन्याकुमारी से सांसद रहे हैं। लेकिन विधानसभा चुनाव में खाता नहीं खुला है। केरल की तरह यहां पर भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य है।

अगर इस बार के विधानसभा चुनाव की बात करें तो स्टालिन के साथ दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर है लेकिन स्टालिन अभी भी सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। एआईडीएमके में कोई विशेष नेता नहीं है यद्यपि पनीर स्वामी, पानीसेलवम दोनों दावेदारी कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि हम दोनों को स्वीकार करेंगे।

1966 से भाषाई आधार पर राज्यों के गठन में तमिल भाषा बोल ने वाले क्षेत्र को तमिलनाडु राज्य बनाया गया। इससे मद्रास प्रेसीडेंसी के सभी भाग समाहित किए गए। तत्कालीन समय में कांग्रेस के दिग्गज नेता कामराज नाडार मुख्यमंत्री बने लेकिन पेरियार नामक संत ने डीएमके की हिंदी भाषा के विरोध में राजनीत शुरू की। पेरियार के शिष्य अन्नादुराई ने डीएमके यानि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम,ये शब्द तमिल भाषा से लिया गया है। इसका अर्थ है कि तमिलनाडु राज्य आंदोलन जो पेरियार ने शुरू किया था।दरअसल तमिलनाडु भारत का एक ऐसा राज्य है जो दक्षिण भारत का लीडर है।तमिल ,तेलगु, मलयालम, और कन्नड़ ये ऐसी भाषाएं हैं जो संस्कृत से बनी यद्यपि इनकी लिपि देवनागरी नहीं है लेकिन संस्कृत ही त्रेता युग से जुड़ी है। तमिल नाडु में रामेश्वरम है जहां भगवान शिव पधारे हैं कहते हैं कि रामेश्वरम में भगवान श्री राम ने रावण को हराने के लिए यज्ञ किया था और शिव लिंग की स्थापना की थी, तमिलनाडु में ही मीनाक्षीपुरम मंदिर है जहां भगवान विष्णु लक्ष्मी माता के साथ बिराजी है।

डीएमके के लोग कवि त्रिवाछूर को मानते हैं।डीएमके के प्रमुख रहे स्व करुणानिधि हिंदू देवी देवताओं को नहीं मानते थे। वे राज्य के जीवन में कई बार मुख्यमंत्री रहे अब उनके पुत्र स्टालिन मुख्यमंत्री है। करुणानिधि ने पेरियार के हिन्दी भाषा विरोध को कायम रखा।अब स्टालिन भी उन्हीं के पद चिन्हों पर है । स्व करुणानिधि से अलग होकर सिने अभिनेता एम जी रामचंद्रन ने एआईडीएमके बनाई वे कई बार मुख्यमंत्री रहे उनके बाद विरसात में जयललिता मुख्यमंत्री बनी वे तमिलनाडु की जन नेता थी। लेकिन 2021 में स्टालिन मुख्यमंत्री बने ।2026 विधानसभा चुनाव में डीएमके तमिल भावनाओं को लेकर चुनाव में है। जबकि एआईडीएमके एनडीए से मिलकर महंगाई, भ्रष्टाचार,को मुद्दे पर चुनाव मैदान में है।

भारतीय जनता पार्टी अभी जल्दी में नहीं है वह अभी कोई अपना लीडर तलाश रही है। हालांकि 27 सीट पर चुनाव मैदान में है क्योंकि एआईडीएमके के साथ है।




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए नई उमंगों से भरा रहने वाला है। आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों की खुशी की वजह बनेगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा, जिससे आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज अपने परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। बच्चे आज खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

वृष राशि- आज रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।। पैसों से जुड़ा आपने जोफैसला लिया था, आज उसके सुखद परिणाम मिल सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा आपको कुछ नई उपलब्धियां हासिल होंगी। आज आपकी पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेगी। आज रचनात्मक कार्यों आपका रुझान बढ़ेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है , धन लाभ हो सकते हैं। आज आप किसी भी पुरानी बातों में न उलझें। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं उनके लिए धन लाभ के योग हैं। आज आपकी रुचि समाज सेवा में ज्यादा रहेगी।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज आप नया घर लेने का विचार करेंगे ,परिवार में इस पर विचार विमर्श करेंगे। परिवार में आज किसी सदस्य से छोटा-मोटा विवाद हो सकता है।

सिंह राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस करने वाले लोग आज कोई बड़ा कदम उठाने से बचें। आज कोई पुराना विवाद सामने आ सकता है। संतान की शैक्षिक उन्नति होने की संभावना है ,पढ़ाई के प्रति उनकी गंभीरता बढ़ेगी। आज ठीक से योजना न बनाने के कारण आपका काफी समय खराब हो सकता है।

कन्या राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप किसी काम में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के लिए कुछ नया करेंगे। धैर्य बनाए रखें सफलता अवश्य। पुराना अटक हुआ धन प्राप्त हो सकता है आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आप स्वस्थ महसूस करेंगे। यदि आप निवेश करना चाहते हैं, तो किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद अवश्य लें, अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपकी कुछ चिंताएं आपके लिए रूकावटें बन सकती है। अनियमित दिनचर्या के कारण आलस्य और थकान हो सकती है। अपने काम को न टालें। बेहतर होगा समय से काम पूरा कर लें। ओवर कॉन्फिडेंस जैसी स्थिति बन सकती है, इससे बचकर रहें।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। ज़िंदगी का भरपूर लुत्फ़ उठाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को क़ाबू में रखें। आज मित्रों के सहयोग से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। घर पर अचानक कोई मेहमान आ सकते हैं। शाम तक घर में किसी छोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा। आज आपके बिजनेस में बढ़िया मुनाफा होगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर कार्यभार अधिक रहेगा। घर में बुजुर्गों का अधिकतर समय बच्चों के साथ व्यतीत होगा। आप सकारात्मक रहेंगे और आपके मन में कई उम्मीदें भी बनी रहेंगी , कुछ नया काम करने का सोचेंगे। अपने जीवन में अच्छा खासा सुधार कर सकते हैं।

मकर राशि- आज दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज आपके अटके हुए काम पूरे हो जाएंगे।आज कोई नया काम शुरू करने से बचें। इस राशि के छात्रों को आज अधिक मेहनत करनी की जरूरत है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है लेकिन सफलता अवश्य मिलएगी।

कुंभ राशि- आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। आपकी व्यक्तिगत समस्याएं हल होंगी। आज किसी भी काम के बारे में गहराई से विचार करेंगे, तो नतीजे आपके फेवर में आ सकते हैं।

मीन राशि- आज के दिन आपका अधिकतम समय ध्यान और अध्यात्मक कार्यों में बीतेगा है। शाम तक किसी धार्मिक आयोजन में भी जा सकते हैं। कामकाज से जुड़ी परेशानियां खत्म होंगी। साहित्य के छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है बच्चों को मत पिता की ओर से कोई सरप्राइज मिल सकता है। पारिवारिक सदस्यों के बीच थोड़ी बहुत अनबन हो सकती है।

# असेंबली का वह धमाका और आज की बहरी व्यवस्था

दिलीप कुमार पाठक/

**इतिहास के पन्नों में कुछ तारीखें केवल घटनाओं का ब्यौरा नहीं, बल्कि एक गहरे सवाल की तरह दर्ज होती हैं। आज ही के दिन वर्ष 1929 की वह सुबह, जब भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली की सेंट्रल असेंबली में बम के साथ पर्चे फेंके थे, तो उनका उद्देश्य हिंसा नहीं बल्कि एक मूक और बहरी सत्ता को लोक-हित की आवाज़ सुनाना था। आज दशकों बाद जब हम अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं के बदलते स्वरूप को देखते हैं, तो एक टीस उठती है कि क्या व्यवस्था की सुनने की क्षमता समय के साथ फिर से कम हो गई है?**

वह धमाका बहरों को जगाने के लिए था, लेकिन आज की राजनीति के शोर में एक आम नागरिक की संयमित और तर्कपूर्ण आवाज़ कहीं खोती नज़र आती है। लोकतंत्र की बुनियाद उसकी संस्थाओं की निष्पक्षता और उनकी स्वायत्तता पर टिकी होती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर जनता के बीच संशय उत्पन्न होने लगे, तो यह किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। एक निष्पक्ष निर्णायक की भूमिका तब संदिग्ध लगने लगती है जब उसके निर्णय एकपक्षीय झुकाव का संकेत देने लगें। क्या हमारी संस्थाएं आज भी उसी संप्रभुता के साथ कार्य कर रही हैं जिसका सपना हमारे संविधान निर्माताओं ने लिया था? जब रसूखदारों के लिए नियमों की व्याख्या लचीली हो और एक साधारण नागरिक के लिए प्रक्रियाएं अवरोध बन जाएं, तो यह विसंगति व्यवस्था की साख पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

प्रशासनिक त्रुटियों या इरादतन चूकों का उदाहरण देखना हो तो पश्चिम बंगाल के उस सेवानिवृत्त न्यायाधीश का मामला दृष्टव्य है, जिनका नाम पर्याप्त दस्तावेजों के बावजूद मतदाता सूची से विलुप्त कर दिया गया। यदि न्याय की रक्षा करने वाले एक पूर्व जज को अपने लोकतांत्रिक अधिकार की पहचान के लिए संघर्ष करना पड़े, तो एक सामान्य नागरिक की विवशता का अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है। क्या यह महज़ एक तकनीकी चूक है या किसी विशेष प्रक्रिया का हिस्सा? जब मैदान के रक्षक ही किसी एक पक्ष के प्रति उदार होने लगें, तो खेल की शुचिता का बना रहना कठिन हो जाता है। पारदर्शिता विज्ञापनों का विषय नहीं, बल्कि धरातल पर महसूस की जाने वाली सच्चाई होनी चाहिए। आज के डिजिटल युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के समक्ष नई और जटिल चुनौतियां उभरकर आई हैं। सत्ता की आलोचना करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स को तकनीकी नियमों की आड़ में प्रतिबंधित करना, संवाद की उस स्वस्थ परंपरा के विपरीत है जिसने हमारे लोकतंत्र को सींचा है। संवाद के रास्ते बंद करना उसी बहरेपन की पुनरावृत्ति है जिसे तोड़ने के लिए कभी क्रांतिकारी युवाओं ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया था। लोकतंत्र में असहमति को शत्रुता का पर्याय मान लेना एक बड़ी भूल है; इसे तो सुधार के एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। जब सत्ता आलोचना को सुनने का धैर्य खोने लगती है, तो यह शासन तंत्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता की ओर संकेत करता है।

सामाजिक संवेदनहीनता का यह बढ़ता प्रभाव हमारे सामूहिक ताने-बाने के लिए घातक है। रसूखदारों के लिए व्यवस्था के द्वार सदैव सुलभ हैं, परंतु एक लाचार नागरिक के लिए आज भी सरकारी तंत्र की जटिलताओं को पार करना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। जिस सदन में कभी जन-सरोकारों की गूँज होती थी, आज वहाँ बुनियादी मुद्दे अक्सर राजनीतिक विमर्श और चुनावी जुमलों के शोर में दब जाते हैं। जब हम नागरिक अधिकारों और संस्थागत जवाबदेही के बीच बढ़ती इस खाई को देखते हैं, तो महसूस होता है कि भौतिक विकास की दौड़ में मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्य कहीं पीछे छूट रहे हैं।

आज यही सीख लेने की आवश्यकता है कि लोकतंत्र केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि निरंतर निभाई जाने वाली एक जिम्मेदारी है। उन क्रांतिकारियों का त्याग एक ऐसे न्यायपूर्ण भारत की कल्पना था जहाँ हर नागरिक का आत्मसम्मान एवं अधिकार सुरक्षित हों और उसकी आवाज़ को सुना जाए। आज जब हमारी संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठ रहे हैं, तब उस ऐतिहासिक घटना को एक सबक की तरह लेने की आवश्यकता है। लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, यह संस्थाओं की गरिमा और नागरिक अधिकारों की निर्बाध सुरक्षा का नाम भी है। व्यवस्था के प्रति सच्ची निष्ठा तभी सिद्ध होगी जब सवाल पूछने की स्वतंत्रता और जवाब देने की ईमानदारी, दोनों ही हमारे लोकतंत्र की अनिवार्य पहचान बनी रहें।

# असम में कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन विधानसभा चुनाव में कम से कम 72 सीटें जीतेगा : मल्लिकार्जुन खरगे

दिसपुर (ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि असम में कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन विधानसभा चुनाव में कम से कम 72 सीटें जीतेगा। गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, खरगे ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर तीखा हमला करते हुए उन्हें भ्रष्ट और अहंकारी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा कंपनियों, चाय बागानों और रिसॉर्ट्स का एक गिरोह चलाते हैं और अपने करीबी लोगों को जमीनें भी देते हैं। कांग्रेस नेता ने 2026 के असम चुनावों को जनता और हिमंता बिस्वा सरमा के बीच का मुकाबला बताया। खरगे ने कहा कि हम बदलाव चाहते हैं और यह जनता बनाम हिमंता बिस्वा शर्मा का संघर्ष है। हम इस लड़ाई में सिर्फ जनता का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सर्वे टीम ने जमीनी स्तर से आंकड़े जुटाए हैं। हम 72-73 सीटें जीतेंगे। मैं जनता से अपील करता हूं कि वे 9 अप्रैल को अपना वोट डालें और सरकार बदलने के लिए कांग्रेस का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि अपने वोट से इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकें। उनके जैसा भ्रष्ट और अहंकारी मुख्यमंत्री कोई नहीं है। असम के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा से प्रेम करते हैं; उन्हें असभ्य,



अभद्र और अहंकारी मुख्यमंत्री नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री जनता के लिए काम करने के बजाय केवल अपने विकास के लिए काम कर रहे हैं। कई कंपनियों, चाय बागानों, रिसॉर्ट और अंतरराष्ट्रीय स्कूलों का एक गिरोह है। कोयला और हजारों बीगा जमीन उनके दोस्तों को बांटी जा चुकी है। मुख्यमंत्री सरमा को भाजपा का गोद लिया बेटा बताते हुए उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच क्यों नहीं शुरू की गई। उन्होंने कहा कि वे गौरव गोगोई को मुख्यमंत्री का बेटा कहकर उनका मजाक उड़ाते हैं। गौरव और उनके पिता की 15 साल की संपत्ति देखिए और उसकी तुलना मुख्यमंत्री की पांच साल की संपत्ति से कीजिए। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मोहन भगवत, इस भ्रष्टाचार के बारे में क्या कहना चाहते हैं? वे कहते हैं कि वे भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे और न खाऊंगा न खाने दूंगा। लेकिन आपका गोद लिया बेटा यह सब कर रहा है। उसके खिलाफ कोई जांच क्यों नहीं हो रही है? सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान सरमा द्वारा फर्जी पासपोर्ट के आरोपों के संबंध में दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद असम पुलिस पवन खेड़ा के आवास पर पहुंची। इस पर खरगे ने कहा कि पार्टी इसका सामना करेगी। उन्होंने केंद्र से रिनिकी भुयान सरमा के पासपोर्ट के बारे में स्पष्टीकरण भी मांगा। उन्होंने कहा कि उनकी दोहरी इंजन वाली सरकार है और विदेश मंत्री भी उनकी ही पार्टी से हैं। हम सरकार से स्पष्टीकरण मांगेंगे। अगर वे गिरफ्तार करना चाहते हैं, तो गिरफ्तार करें। हम इसका सामना करेंगे। ईडी और सीबीआई सबको परेशान कर रही हैं और बाद में उन्हें वाशिंग मशीन में धोकर पार्टी में शामिल कर रही हैं।

## एयर इंडिया के सीईओ कैम्पबेल विल्सन ने दिया इस्तीफा, जुलाई 2027 तक था कार्यकाल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया के सीईओ कैम्पबेल विल्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब एयरलाइन लगातार वित्तीय दबाव झेल रही है और हाल के वर्षों में सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर नियामकीय जांच का सामना कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विल्सन के इस्तीफे के बाद एयर इंडिया का बोर्ड नए सीईओ की तलाश में तेजी लाएगा। इसे एयरलाइन के पुनर्गठन (टर्नअराउंड) की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। न्यूजीलैंड में जन्मे कैम्पबेल विल्सन को वर्ष 2022 में सिंगापुर एयरलाइंस से एयर इंडिया लाया गया था। टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया के अधिग्रहण के बाद उन्हें कंपनी के पुनरुद्धार की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनका कार्यकाल जुलाई 2027 तक निर्धारित था, लेकिन उन्होंने इससे पहले ही पद छोड़ने का निर्णय लिया। फिलहाल, वह छह महीने के नोटिस पीरियड के दौरान कंपनी के साथ जुड़े रहेंगे। पिछले वर्ष जून में अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की एक उड़ान के टेकऑफ के तुरंत बाद हुए विमान हादसे के बाद से कंपनी और उसके नेतृत्व पर सवाल उठ रहे थे। इस दुर्घटना में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई थी। एयर इंडिया वर्तमान में कई चुनौतियों से जूझ रही है, जिनमें विमानों की डिलीवरी में देरी, सुरक्षा मानकों को लेकर उठते सवाल और लगातार हो रहा वित्तीय नुकसान शामिल हैं। नियामक संस्थाओं ने भी एयरलाइन की परिचालन प्रक्रियाओं को लेकर सख्त रुख अपनाया है। ऐसे में, नए नेतृत्व की नियुक्ति को एयर इंडिया के भविष्य और उसके सुधार प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पंजाब में सियासी हलचल तेज, चुनावों से पहले नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी ने बनाई नई पार्टी; जानें क्या होगा नाम

अमृतसर,(आरएनएस)। कांग्रेस से निष्कासन के बाद नवजोत कौर सिद्धू ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी लॉन्च कर दी है। उन्होंने पार्टी का नाम 'भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी' रखा है। यह घोषणा पंजाब विधानसभा चुनाव से लगभग एक साल पहले की गई है, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज होने की संभावना है। नवजोत कौर सिद्धू, जो पूर्व क्रिकेटर और नेता नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी हैं, ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने देशभर में एक नए राजनीतिक विकल्प की जरूरत को महसूस करते हुए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य देश और लोगों की सेवा करना तथा उन्हें उनका अधिकार दिलाना है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, एक ईश्वरीय शक्ति ने समान सोच वाले लोगों को साथ जोड़ा है, जिनमें हर राज्य में काम करने की क्षमता, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प है। हमारा लक्ष्य न्याय और शांति स्थापित करना है। नवजोत कौर ने संकेत दिए हैं कि पार्टी जल्द ही संगठन विस्तार को लेकर भी घोषणा करेगी। BRP की एंट्री से पंजाब में चुनावी माहौल और गरम होने की उम्मीद है। वर्तमान में राज्य में भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार है, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी भी राज्य में अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी पंजाब को फिर से स्वर्ण राज्य बनाने के लिए काम करेगी, जहां लोग प्रेम, आपसी सहयोग, न्याय और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सकें। गौरतलब है कि पिछले साल नवजोत कौर सिद्धू ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री पद के लिए 500 करोड़ रुपये की मांग की जाती है। इसके बाद कांग्रेस ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। 31 जनवरी को उन्होंने औपचारिक रूप से कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की थी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजा अमरिंदर सिंह वडिंग पर भी कई आरोप लगाए थे।

## गुरु तेग बहादुर नहीं होते, तो न कोई हिंदू होता और न कोई सिख : अमित शाह

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिख धर्म के नौवें गुरु, हिंद दी चादर गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अगर गुरु तेग बहादुर जी नहीं होते तो न कोई हिंदू होता और न कोई सिख होता। पूरा भारत समाप्त हो जाता। अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर कहा, भारतीय संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म त्यागने के बजाय प्राण त्यागना उचित समझा। उन्होंने क्रूर शासकों के अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अडिग रहकर करुणा व संवेदना की मिसाल स्थापित की। गुरु साहिब की जीवनगाथा का स्मरण कर मन गर्व से भर जाता है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने बचपन से ही त्याग, समर्पण, बलिदान और वीरता के गुण से अपना परिचय किया था। 13 साल की उम्र में करतारपुर साहिब के ऐतिहासिक युद्ध में जिस वीरता के साथ उन्होंने तलवार से, तेग से मुगलों का सामना किया, आठवें गुरु साहब ने उनको तेग बहादुर नाम से अनन्यकृत करने का काम किया।

## जयराम रमेश ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को परेशान, हताश और डरा हुआ बताया



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की तीखी आलोचना करते हुए उन्हें परेशान, हताश और डरा हुआ बताया। यह घटना तब हुई जब असम पुलिस की एक टीम ने कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित आवास का दौरा किया। पुलिस की यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री के परिवार से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल पासपोर्ट विवाद से संबंधित है, जो मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुयान सरमा द्वारा दर्ज कराई गई आपराधिक मानहानि की एफआईआर के बाद सामने आया है। एक्स से बात करते हुए रमेश ने निजामुद्दीन पूर्व स्थित खेड़ा के घर के बाहर पुलिस अधिकारियों की तैनाती की निंदा की और इसे चुड़ैल का शिकार और दंभिक द्वारा राज्य मशीनरी का उपयोग करके विपक्ष की उन आवाजों को दबाने का प्रयास बताया जो कथित कुकर्मों को उजागर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में बुनियादी सवाल पूछने पर मेरे सहयोगी पवन खेड़ा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधिकारियों की पूरी फौज तैनात करना यह साबित करता है कि असम के मुख्यमंत्री परेशान, हताश और भयभीत हैं। यह कानूनी प्रक्रिया नहीं बल्कि बदले की भावना से की गई कार्रवाई है, जिसमें एक तानाशाह विपक्ष की आवाज़ दबाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहा है। जो लोग डराते-धमकाते हैं, वे असल में डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि मुख्यमंत्री को हार का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भी असम पुलिस की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री सरमा से आग्रह किया कि वे धमकियों और अपशब्दों का सहारा लेने के बजाय खेड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों का समाधान करें। उन्होंने कहा कि सरमा के खिलाफ लगाए गए आरोप गवाहों और सबूतों से समर्थित हैं और उनका उचित समाधान किया जाना चाहिए।

## दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में चूक का मामला, पुलिस जांच में हुए नए खुलासे

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में चूक के मामले की जांच में नए तथ्य सामने आए हैं। गिरफ्तार सरबजीत सिंह मेंटली डिसटर्ब बताया जा रहा है जो अपने भांजे के लापता होने से परेशान था। कहा जा रहा है कि उसने दिल्ली पुलिस का ध्यान खींचने के लिए ये हरकत की, लेकिन पुलिस इन बातों पर यकीन नहीं कर रही और मामले की गहनता से जांच करने में जुटी हुई है। दरअसल, सोमवार को सरबजीत सिंह अपनी गाड़ी लेकर वीवीआईपी गेट से दिल्ली विधानसभा परिसर में घुस गया। उसने स्पीकर की गाड़ी के पास फूलों का गुलदस्ता रखा और बिना किसी रोक-टोक के निकल गया। ये घटना सामने आते ही सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। इसके बाद विधानसभा परिसर के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। बताया जा रहा है कि सरबजीत ने दिल्ली पुलिस का अटेंशन पाने के लिए विधानसभा में गाड़ी घुसाई। उसका भांजा 1 अप्रैल से लापता था और हरी नगर थाने में उसकी रिपोर्ट दर्ज थी। उस केस पर ध्यान दिलाने के लिए उसने ये हरकत की।




जयपुर में पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भजन लाल शर्मा।

## बंगाल में एसआईआर के बाद 90 लाख से ज्यादा मतदाता वोटर लिस्ट से बाहर, ईसी ने पहली बार जारी किया जिलेवार डेटा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) के तहत विचाराधीन 60 लाख से अधिक मामलों का विस्तृत डेटा जारी किया है। इस प्रक्रिया के दौरान अब तक कुल 90.66 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं। आयोग ने पहली बार जिलावार आधार पर नाम जोड़ने और हटाने के आंकड़े भी सार्वजनिक किए हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया तीन प्रमुख चरणों में पूरी हुई। दिसंबर 2025 में प्रारंभिक ड्राफ्ट तैयार करते समय 58.2 लाख नाम हटाए गए थे। इसके बाद फरवरी 2026 में अंतिम सूची के प्रकाशन तक 5.46 लाख और नाम हटाए गए। वर्तमान में न्यायिक अधिकारियों की जांच के बाद 27 लाख से अधिक नाम हटाने का निर्णय लिया गया, जिससे कुल संख्या 90 लाख के पार पहुंच गई है। आयोग के अनुसार, 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' यानी डेटा में तकनीकी गड़बड़ियों के आधार पर 60 लाख से अधिक मतदाताओं को जांच के दायरे में रखा गया था। इन मामलों को 'अंडर एडजुडिकेशन' श्रेणी में रखा गया, ताकि न्यायिक अधिकारी इनकी जांच कर सकें। अब तक लगभग 59.84 लाख मामलों का निपटारा किया जा चुका है। जांच के बाद करीब 32.68 लाख पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़े गए, जबकि 27.16 लाख अपात्र पाए गए नाम हटाए गए हैं। शेष मामलों की समीक्षा जारी है।

# अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई को सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि पकड़े गए लोगों में अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा भी शामिल है, जो पिछले सोलह वर्षों से फरार चल रहा था और इस दौरान उसने जम्मू-कश्मीर के बाहर भी अपने ठिकाने स्थापित कर लिए थे। अधिकारियों के अनुसार इस अभियान में एक अन्य आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब को भी गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस और




केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से अंजाम दी गई, जिससे इस नेटवर्क की गहराई तक पहुंचना संभव हो सका। जांच के दौरान जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा सहित कुल 19 स्थानों पर छापेमारी की गई, जहां से कई आपत्तिजनक सामग्री और महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद हुए हैं। जांच एजेंसियों को इस कार्रवाई में एक ऐसे नेटवर्क का पता चला है जो लंबे समय से आतंकी गतिविधियों को रसद और आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रहा था। यह नेटवर्क विभिन्न राज्यों में फैला हुआ था और आतंकियों को छिपने, खाने और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करता था। इस मामले में गिरफ्तार पांच लोगों में से तीन श्रीनगर के निवासी हैं, जिनकी पहचान मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा के रूप में हुई है। इन पर आरोप है कि इन्होंने आतंकियों को शरण देने के साथ-साथ उन्हें भोजन और अन्य सहायता उपलब्ध कराई।




आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का महाधिवेशन सम्मेलन के लिए आदिवासी ध्रुव गोंड समाज और आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादक बोर्ड के आमंत्रण को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सहज स्वीकार किया।


## योगी कैबिनेट का बड़ा फैसलाः अंबेडकर स्मारकों का होगा



लखनऊ (ए.)। अंबेडकर जयंती से पहले, योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल ने राज्य भर में सामाजिक न्याय के प्रतीक माने जाने वाले स्मारकों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल को मंजूरी दी है। एक महत्वपूर्ण निर्णय में, सरकार ने बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमाओं को सजावटी छतरियों, चारदीवारी और व्यापक सौंदर्यीकरण उपायों के साथ उन्नत बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस कदम का उद्देश्य इन स्मारकों के सौंदर्य और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ाना और साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। एक व्यापक विकास योजना के तहत, उत्तर प्रदेश सरकार राज्य भर के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारक स्थलों का जीर्णोद्धार करेगी। इसके लिए कुल 403 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह योजना केवल अंबेडकर तक ही सीमित नहीं रहेगी। इसमें रविदास, कबीर, ज्योतिराव फुले और वाल्मीकि जैसे प्रमुख समाज सुधारकों की प्रतिमाओं और स्मारकों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि सामाजिक समानता और सुधार में उनके योगदान को मान्यता दी जा सके। पहले चरण में, सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं के व्यापक सौंदर्यीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिससे बेहतर बुनियादी ढांचा, रखरखाव और दृश्य सौंदर्य सुनिश्चित हो सके। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने शिक्षा मित्रों और अंशकालिक प्रशिक्षकों के मासिक मानदेय में महत्वपूर्ण वृद्धि को मंजूरी दे दी है। बुनियादी शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के अनुसार, शिक्षा मित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है, जबकि अंशकालिक प्रशिक्षकों का मानदेय 9,000 रुपये से बढ़कर 17,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। संशोधित भुगतान 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होंगे और लाभार्थियों को मई से उनके वेतन के साथ बढ़ी हुई राशि मिलनी शुरू हो जाएगी।

# टीएमसी का कुशासन समाप्त होने वाला है, ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की हालत को किया बदतर : राजनाथ सिंह

बैरकपुर,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रचार की कमान संभाली। रक्षा मंत्री ने बैरकपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। राजनाथ सिंह ने कहा, अब यह निश्चित है कि तृणमूल कांग्रेस और उसके कुशासन का युग समाप्त हो रहा है और भारतीय जनता पार्टी यहां सत्ता में आएगी। भाजपा की सरकार बनने के बाद बंगाल को सशक्त और विकसित बनाएंगे। भाजपा की सरकार आएगी तो बंकिम बाबू के घर को टूरिस्ट स्पॉट बनाया जाएगा, जहां लोग उनके इतिहास को देख पाएंगे। राजनाथ सिंह ने कहा, बंकिम चंद्र के वंदे मातरम के माध्यम से उन्होंने पूरे देश को याद दिलाया कि भारत



कितना महान था, कितना महान है और कितना महान हो सकता है। अगर किसी ने इस जागरूकता को फैलाने का काम किया है, तो वह बंकिम चंद्र ही थे। बंकिम चंद्र ने वंदे मातरम गीत के माध्यम से भारत की भावना को प्रेरित किया। जब देश अंधकार में डूबा हुआ था, तब कुछ लोगों ने छोटे-छोटे दीपक जलाए, लेकिन बंकिम चंद्र ने सिर्फ एक दीपक नहीं जलाया, उन्होंने पूरे देश में क्रांति की चिंगारी प्रज्वलित की। राजनाथ सिंह ने कहा, पहले पश्चिम बंगाल के लोग हर मामले में आगे रहते थे, लेकिन अब टीएमसी की सरकार में लगातार पिछड़ता जा रहा है। भारत का हर राज्य निवेश में आगे जा रहा है, लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ऐसा होने नहीं दे रही हैं। हर राज्य में उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है, जबकि बंगाल में पहले स्थापित फैक्ट्रियां भी बाहर जा रही हैं। पश्चिम बंगाल में उद्योगपति निवेश करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने ममता बनर्जी से सवाल पूछते हुए कहा, आप तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए क्या किया है?

# रश्मिका को पहली ही हिंदी फिल्म से मिला हिट करियर

मुंबई (ए.)। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में श्रीदेवी, जय प्रदा, हेमा मालिनी और रेखा समेत कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिनके करियर की नींव दक्षिण भारत में रखी गई लेकिन सफलता उन्हें हिंदी सिनेमा से मिली। साउथ की कई एक्ट्रेस है जिन्होंने 80 के दशक से लेकर अब तक हिंदी सिनेमा की तरफ रुख किया है। आज के दौर की ऐसी ही अभिनेत्री हैं रश्मिका मंदाना, जिन्होंने दक्षिण भारत में हिट फिल्म देने के बाद पैन इंडिया



सफलता पाने में देर नहीं लगाई। 5 अप्रैल को जन्मी रश्मिका तेलुगू और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में जाना-माना नाम बन चुकी हैं। उन्होंने फिल्म किरिक पार्टी से 2016 में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था और अपनी पहली ही फिल्म से रश्मिका बहुत बड़ी स्टार बन गई थीं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने अभिनेता रक्षित शेट्टी के साथ काम किया। 4 करोड़ में बनी फिल्म ने 50 करोड़ की मोटी कमाई की और यह फिल्म रश्मिका के करियर की पहली हिट भी बनी।

इस फिल्म में न सिर्फ रश्मिका को अच्छा करियर दिया बल्कि उन्हें रक्षित शेट्टी के रूप में अच्छा पार्टनर भी मिला। दोनों की जोड़ी को कन्नड़ सिनेमा में बहुत पसंद किया जाने लगा और फैंस भी दोनों की जोड़ी को असल जोड़ी के रूप में देखने लगे। आलम ये था कि सेट पर रश्मिका और रक्षित के बीच नजदीकियां बढ़ चुकी थीं। दोनों ने फिल्म के सुपरहिट होने के बाद साल 2017 में सगाई की लेकिन दोनों का रिश्ता एक साल बाद ही टूट गया। अलग होने की वजह दोनों में वैचारिक मतभेद था लेकिन यह बात रक्षित के फैंस को बिल्कुल पसंद नहीं आई और उन्होंने अभिनेत्री को ट्रोल करना शुरू कर दिया और कन्नड़ सिनेमा से बैन करने की धमकी भी दी। रश्मिका पर रक्षित को करियर की सीढ़ी बनाने का आरोप लगा। मामले को संभालने के लिए खुद रक्षित ने आकर अपने फैंस को अभिनेत्री के सामने कुछ भी न बोलने की अपील की क्योंकि अलग होने का फैसला दोनों का था। विवाद के बीच अभिनेत्री ने तमिल फिल्मों में कदम रखा और साल 2018 में उनकी चलो फिल्म रिलीज हुई, जिसके बाद उन्हें गीता गोविंदम, डियर कॉमरेड, भीष्म, सुल्तान (तमिल), सरिलरु नीकेवरु और सीता रामम में देखा गया। दक्षिण भारत में सिक्का जमाने के बाद साल 2018 में पैन इंडिया फिल्म पुष्पा- द राइज ने अभिनेत्री के करियर को ग्लोबल लेवल पर पहचान दिलाई और वे नेशनल क्रश बनकर उभरीं, जिसके बाद अमिताभ बच्चन के साथ बॉलीवुड में गुडबाय से डेब्यू किया।

# एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के घर पर मटन को लेकर मचा बवाल

मुंबई (ए.)। भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के घर पर मटन को लेकर बवाल हो गया है। अक्षरा सिंह ने इसके लिए हड़ताल भी कर दी है। दरअसल, अक्षरा सिंह ने अपना नया व्लॉग शेयर किया है, जिसमें इस बार तीनों के बीच मटन को लेकर जंग जारी है। अक्षरा के पिता को मटन खाना है, लेकिन नीलिमा सिंह का कहना है कि उनके जीते-जीते घर में मटन, चिकन कुछ नहीं बनेगा। ऐसे में अक्षरा भी अपने पिता का साथ देती हैं। ऐसे में नीलिमा अक्षरा और अपने पति दोनों को भर-भरकर ताने मारती हैं और आखिर में शर्त के साथ घर में मटन बनाने की इजाजत देती हैं। नीलिमा साफ कह देती हैं कि मटन बनाने के लिए चूल्हा और बर्तन दोनों अलग होंगे।


ऐसे में अक्षरा अलग सिलेंडर का इंतजाम करने की बात कहती हैं, लेकिन नीलिमा ताने मारते हुए कहती है कि अब तो सिलेंडर से जमाना वापस चूल्हे और इंडक्शन पर आ चुका है। बता दें कि अक्षरा सिंह का चटर-पटर व्लॉग फैंस को भी खूब पसंद आ रहे हैं। अभिनेत्री हर हफ्ते परिवार के साथ एक व्लॉग



डालती हैं, जिसमें वे बिहार की परंपरा और ऑथेंटिक खाने की बातें करती हैं और खाना पकाती हुई भी दिखती हैं। इस बार अक्षरा ने अपने पिता के साथ मिलकर चंपारन मटन बनाया है, जो बिहार की सबसे प्रसिद्ध रेसिपी है। इसे मिट्टी के मटके में दम लगाकर बनाने की परंपरा चली आई है। इससे पहले अक्षरा ने मां नीलिमा के साथ मिलकर पनीर मसाला की मजेदार रेसिपी शेयर की थी, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया था।

बता दें कि अक्षरा सिंह के कई यूट्यूब चैनल हैं। उनका खुद का सिंगिंग वीडियोज का आधिकारिक चैनल भी है, जहां वे खुद के रिकॉर्ड किए गाने डालती हैं। मालूम हो कि अक्षरा सिंह पहले ही भोजपुरी सिनेमा की चहेती है और अपनी गायकी और अदायगी की वजह से काफी पॉपुलर हैं। अभिनेत्री की मां नीलिमा सिंह टेलीविजन का जाना-माना चेहरा हैं, जो स्टार प्लस से लेकर दंगल के शोज में काम कर चुकी है और आज भी टेलीविजन की दुनिया में सक्रिय है।


# राजकुमार राव की आगामी फिल्म टोस्टर का ट्रेलर जारी




मुंबई (ए.)। बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म टोस्टर का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव की यह फिल्म एक ऐसे आदमी के बचत करने के पक्के इरादे की कहानी है, जो चाहे कुछ भी हो जाए, बचत करना नहीं छोड़ता है। ट्रेलर में राजकुमार राव रमाकांत नामक प्यारे और सीधे-सादे कंजूस के रोल में दिख रहे हैं। रमाकांत को लगता है कि हर बचाया हुआ रुपया उसकी बड़ी जीत है। वह रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजों से भी ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की कोशिश करता है और जिस चीज पर एक बार पैसे खर्च कर देता है, उसे आसानी से जाने नहीं देता। रमाकांत बचत करने के मामले में एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंच जाता है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब रमाकांत और उसकी पत्नी एक शादी में किसी को टोस्टर गिफ्ट करते हैं। बाद में उसे पता चलता है कि उस कपल का तलाक हो गया और टोस्टर दान कर दिया गया। यह सुनकर वह परेशान हो जाता है और टोस्टर वापस लाने के लिए निकल पड़ता है।

टोस्टर वापस लाने की इस कोशिश में वह खुद और अपने आसपास के लोगों को अजीब और मुश्किल हालात में फंसा देता है। वह जितनी बार चीज़ों को ठीक करने की कोशिश करता है, उतनी ही ज्यादा परेशानी बढ़ती जाती है। फिल्म को लेकर अभिनेता राजकुमार राव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, फिल्म टोस्टर मेरे लिए एक खास फिल्म है क्योंकि यह हमारे प्रोडक्शन हाउस, कम्पा फिल्म के तहत हमारी पहली फिल्म है और इसे पत्रलेखा ने प्रोड्यूस किया है। मैं फिल्म की कहानी को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए सच में बहुत उत्साहित हूं। इस फिल्म की जिस बात ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया है वह थी कि कैसे छोटी सी चीज किसी इंसान के दिमाग पर पूरी तरह से हावी हो सकती है। उन्होंने अपने किरदार को लेकर कहा, रमाकांत ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि जो वह कर रहा है, वह बिल्कुल सही है। वह अपने कामों को अतिवादी नहीं बल्कि व्यावहारिक मानता है। लेकिन यही बात इस पूरी यात्रा को अनोखा और अप्रत्याशित बना देती है।

# हष्ट  ने दी नोरा फतेही को आखिरी चेतावनी, आयोग के सामने खुद को पेश करने के दिए निर्देश; जिम्मेदारों को दी ये सजा



फिल्म 'केडी द डेविल' के गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर मार्च में बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। इस गाने में नोरा फतेही और संजय दत्त नजर आए थे, लेकिन इसके बोल और डांस स्टेप्स को लेकर काफी विवाद हुआ। लोगों का कहना था कि गाना ज्यादा वल्गर और आपत्तिजनक है।

**27 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई**

मामला इतना बढ़ गया कि 'नेशनल कमिशन फॉर विमन' (NCW) ने नोरा फतेही, संजय दत्त और अन्य लोगों को नोटिस भेज दिया। आयोग ने गाने में अश्लीलता और महिलाओं की छवि को लेकर गंभीर सवाल उठाए।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आयोग ने अगली सुनवाई की तारीख 27 अप्रैल 2026 तय की है। इससे पहले 6 अप्रैल को इस मामले में सुनवाई हुई थी, जिसमें नोरा फतेही की ओर से उनके वकील पेश हुए थे। हालांकि, आयोग ने वकील की सफाई को स्वीकार नहीं किया और नोरा को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए।

**NCW ने सुनाई ये सजा**

सुनवाई के दौरान गीतकार रकीब आलम, फिल्म के डायरेक्टर प्रेम और केवीएन प्रोडक्शंस के प्रतिनिधि गौतम के एम और सुप्रीथ आयोग के सामने पेश हुए। आयोग की सदस्य ने गाने के लिरिक्स पर चिंता जताते हुए कहा कि ये महिलाओं की गरिमा के खिलाफ हैं।

# जान्हवी कपूर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में की खुलकर बातचीत, कहा- 'उनके साथ मैं बिल्कुल बच्चे जैसी बन जाती हू'

जान्हवी कपूर हाल ही में 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' फिल्म में नजर आईं थी। इनमें उनके साथ वरुण धवन, रोहित शरफ और सान्या मल्होत्रा भी अहम किरदार में नजर आए थे। राज शमानी को दिए इंटर्व्यू में जान्हवी



कपूर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में खुलकर बातचीत की, और बताया कि उन्हें बॉयफ्रेंड के साथ कितना सुरक्षित और अपनापन महसूस होता है।

**कौन हैं जान्हवी कपूर के बॉयफ्रेंड?**

जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया एक दूसरे को काफी वक्त से डेट कर रहे हैं। वे अक्सर पार्टी, फैमिली फंक्शन और इवेंट्स में साथ नजर आते हैं। हाल ही में राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में उन्होंने अपने रिलेशनशिप के बारे में खुलकर चर्चा की।

**उनके साथ मैं बिल्कुल बच्चे जैसी बन जाती हूं**

जान्हवी ने शिखर के बारे में बात करते हुए कहा, 'प्यार की वजह से मैं उनके साथ खुद का सबसे सच्चा वर्जन बन पाती हूं। मुझे एक ऐसा सुरक्षित एहसास मिला है, जहां मैं अपने दिल की बात सुन सकती हूं और उस पर भरोसा कर सकती हूं। उनकी मौजूदगी हमेशा मुझे यही एहसास देती है।'

उन्होंने आगे कहा, 'उनके साथ मैं बिल्कुल बच्चे जैसी बन जाती हूं। यह एक ऐसी जगह है जहां मैं बिना किसी झिझक के खुद रह सकती हूं। उनके साथ मुझे सबसे ज्यादा मजा आता है।'

**शिखर पहाड़िया के बारे में**

शिखर पहाड़िया, पूर्व गृह मंत्री सुशीलकुमार शिंदे के नाती हैं। उनकी मां स्मृति शिंदे एक एक्ट्रेस हैं। उनके बड़े भाई वीर पहाड़िया ने हाल ही में फिल्म स्काई फोर्स से बॉलीवुड डेब्यू किया, जिसमें अक्षय कुमार, निम्रत कौर और सारा अली खान भी नजर आए।



## 24 अप्रैल को दोबारा चुनिंदा सिनेमा घरों में रिलीज होगी फिल्म देव डी

मुंबई (ए.)। आगामी 24 अप्रैल को कल्ट फिल्म देव डी एक बार फिर पीवीआर आइनॉक्स के जरिए चुनिंदा सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होगी। इस फिल्म में अभय देओल, माही गिल और कल्कि कोचलिन ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। अपनी अनोखी कहानी, प्रयोगधर्मी शैली और यादगार संगीत के चलते यह फिल्म समय के साथ कल्ट का दर्जा हासिल कर चुकी है।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का सामने आया लुक, वरुण धवन-पूजा का दिखा रोमांटिक अंदाज; जान्हवी कपूर ने ली चुटकी



वरुण धवन और पूजा हेगड़े की नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' कथित तौर पर मई महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन रिलीज से पहले आज मंगलवार को वरुण धवन ने फिल्म की शूटिंग की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण और पूजा नदी के किनारे रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। जिस पर जान्हवी कपूर ने एक खास कमेंट किया है।

**वरुण ने शेयर की तस्वीर**

वरुण ने आज अपनी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के सेट से एक खास रोमांटिक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, 'इश्क सिर्फ एक बार होता है।'

**जान्हवी का कमेंट**

वरुण की इस तस्वीर पर जान्हवी कपूर ने मजाकिया कमेंट किया। जान्हवी ने लिखा, 'लेकिन आप कैप्शन में क्यों चिल्ला रहे हैं?' जान्हवी कपूर और वरुण धवन पहले 'बवाल' और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जैसी फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं।

**क्या सलमान की फिल्म से है कनेक्शन?**

'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म का शीर्षक फिल्म 'बीवी नंबर 1' के गाने 'इश्क सोना है' से लिया गया है, जिसमें सलमान खान और सुष्मिता सेन ने अभिनय किया था। तस्वीर के बैकग्राउंड में 1999 की पुरानी फिल्म 'इश्क सोना है' का गाना बज रहा है।

**'है जवानी तो इश्क होना है' के बारे में**

फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी।

## पिंक साड़ी में कियारा आडवाणी ने उड़ाए होश, ग्लैमरस अवतार ने बढ़ाया तापमान



एनएमएसीसी के तीसरे एनिवर्सरी में बॉलीवुड के कई सितारे पहुंचे, लेकिन कियारा आडवाणी के लुक ने सबका ध्यान खींच लिया. कियारा अपने पति और एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ इस इवेंट में नजर आईं. पिंक साड़ी में उनका ग्रेसफुल अंदाज और खूबसूरत मुस्कान फैंस को बहुत पसंद आ रहा है. कियारा ने अपने इस शानदार लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की, जो अब तेजी से वायरल हो रही हैं. कियारा ने अपने बालों को सॉफ्ट वेव्स के साथ खुला रखा, जो उनके पूरे लुक को बहुत एलिगेंट बना रहा है. साथ ही साइड पार्टिंग के साथ उनका हेयरस्टाइल बहुत नेचुरल और ग्रेसफुल है. उन्होंने अपने लुक के साथ एक स्टाइलिश चोकर नेकलेस चुना, जिसमें पर्ल और गोल्डन टच है. इसके साथ मैचिंग ईयररिंग्स ने उनके पूरे लुक को क्लासी और रॉयल बना दिया. कियारा का ब्लाउज बहुत स्टाइलिश है. गोल्डन एम्ब्रॉयडरी के साथ स्लीवलेस डिजाइन और डीप नेकलाइन ने उनके लुक को ग्लैमरस टच दिया है.

# फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' का हिंदी ट्रेलर रिलीज

मुंबई (ए.)। बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म 'डकैत- एक प्रेम कथा' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो गया है। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की मच-अवेटेड यह फिल्म सिर्फ एक लव स्टोरी नहीं, बल्कि बदले की एक खौफनाक दास्तां है। ट्रेलर की शुरुआत काफी खूबसूरत दिखती है, जहां मृणाल और अदिवि का रोमांस, उनके साथ जीने-मरने के वादे और एक छोटे से परिवार का सपना दिखाया गया है। लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब अचानक सब कुछ बिखर जाता है। हीरो यानी हरि (अदिवि शेष) खुद को जेल की सलाखों के पीछे पाता है और सबसे बड़ा झटका उसे तब लगता है, जब उसकी अपनी प्रेमिका ही कोर्ट में उसके खिलाफ गवाही दे देती है।




बेगुनाह होने के बावजूद हरि को सजा काटनी पड़ती है और यहीं से उसके मन में प्यार की जगह नफरत और बदले की आग सुलगने लगती है। जेल से बाहर आने के बाद हरि का एक ही मकसद है- अपनी प्रेमिका से उस धोखे का हिसाब लेना। कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट तब आता है, जब पता चलता है कि मृणाल किरदार में एक बच्ची की मां बन चुकी है और हरि इस सच्चाई से पूरी तरह अनजान है। वह मृणाल को भी उसी अंधेरे रास्ते पर घसीटना चाहता है, जहां उसने अपनी जिंदगी बर्बाद की। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे वह मृणाल को मजबूर करता है कि वह उसके साथ मिलकर चोरियां करे और अपराध की दुनिया का हिस्सा बने।

फिल्म में एक्शन के साथ-साथ एक बहुत ही 'इंटेंस' और डार्क रोमांस पेश किया गया है, जो दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर कर देता है कि क्या प्यार वाकई इतना खतरनाक हो सकता है कि इंसान डकैत बन जाए। फिल्म को शेनिल देव ने डायरेक्ट किया है, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं। कमाल की बात यह है कि फिल्म की स्क्रिप्ट खुद अदिवि शेष और शेनिल ने मिलकर लिखी है। फिल्म में बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर अनुराग कश्यप भी एक पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे, जो उनके टॉलीवुड करियर की शुरुआत है। उनके साथ ही दिग्गज एक्टर प्रकाश राज भी फिल्म में जान फूंकते दिखेंगे।

## आईपीएलः इन बल्लेबाजों ने किसी एक टीम के खिलाफ लगाए हैं 50+ छक्के

नईदिल्ली,(आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कुछ बल्लेबाजों को विशेष टीम के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद होता है। वह अपनी पसंदीदा टीमों के खिलाफ अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए खूब रन बटोरते हैं। आईपीएल के इतिहास में अब तक चुनिंदा बल्लेबाज ही किसी एक टीम के खिलाफ 50 छक्के मारने में सफल हुए हैं। इस बीच उन बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं, जो किसी एक टीम के विरुद्ध 50 या उससे अधिक छक्के लगा चुके हैं।

पूर्व दिग्गज क्रिस गेल अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर थे। वह अपनी उपस्थिति भर से विपक्षी गेंदबाजों में खौफ भर देते थे। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 16 मैच खेले थे और इसकी 16 ही पारियों में 53.13 की औसत और 174.78 की स्ट्राइक रेट के साथ 797 रन बनाए थे, जिसमें 2 शतक और 6 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने इस टीम के विरुद्ध कुल 63 छक्के लगाए थे।

गेल के कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध भी उम्दा आंकड़े रहे हैं। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 19 मैचों की 19 पारियों में 43.75 की औसत और 151.84 की स्ट्राइक रेट से 700 रन बनाए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने 54 छक्के लगाए थे। उन्होंने आईपीएल में 142 मैच खेले थे, जिसकी 141 पारियों में 39.72 की औसत और 148.96 की स्ट्राइक रेट से 4,965 रन बनाए थे। इसमें उनके नाम 6 शतक और 31 अर्धशतक भी दर्ज हैं।

एमआई के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध अब तक 51 छक्के लगाए हैं। उन्हें इस टीम के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद है। रोहित ने दिल्ली कैपिटल्स टीम के खिलाफ 38 मैच खेले हैं और इसकी 38 पारियों में 31.2 की औसत और 132.68 की स्ट्राइक रेट से 1,092 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 6 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 74* रन रहा है।

## आईपीएल में आज होगा दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला




नई दिल्ली (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला गुजराज टाइटंस से होगा। यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले इस मैच में दिल्ली की टीम को अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। उसका लक्ष्य इस मैच को किसी भी प्रकार जीतना रहेगा। वहीं दूसरी और गुजरात के कप्तान शुभमन गिल की टीम भी इस मैच को जीतकर लय हासिल करना चाहेगी। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो के बीच ही 7 मुकाबले हुए हैं जिसमें से 4 गुजरात जबकि 3 दिल्ली ने जीते हैं। दोनो के बीच पिछला मुकाबल साल 2025 में हुआ था जिसमें गुजरात जीती थी।

इस बार हालांकि हालात अलग हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ। ऐसे में गुजरात के बल्लेबाजों के लिए उसका सामना करना कठिन होगा। वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी अच्छे फार्म में हैं। रिजवी ने पिछले दो मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की थी। उसके पास के एल राहुल जैसा शीर्ष स्तर का बल्लेबाज भी है। राहुल हालांकि इस सत्र में अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। उनका लक्ष्य लंबी पारी खेलना रहेगा। तीसरे नंबर पर नीतीश राणा पर भी इस मैच में रन बनाने का दबाव रहेगा। सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने यहां पिछले मैच में अपनी लय हासिल कर ली थी, जिसका लाभ उन्हें मिलेगा। दिल्ली के सलमी बल्लेबाजों को पावरप्ले में गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाजों कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज से सावधान रहना होगा।

दिल्ली कैपिल्स की गेंदबाजी लुंगी एनगिडी, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव पर निर्भर करेगी। कप्तान अक्ष्रर पटेल भी एक अच्छे स्पिनर हैं और उनका भी सहयोग मिलेगा। इसके अलावा टीम के पास टी नटराजन जैसा तेज गेंदबाज भी है। वहीं शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटन्स इस बार एक भी जीत हासिल नहीं कर पायी है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज विफल रहे हैं। टीम अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों साई सुदर्शन और शुभमन पर जरूरत से ज्यादा निर्भर नजर आ रही है और उसका मध्यक्रम भी अबतक विफल रहा है।

## युवा तेज गेंदबाज वैशाख ने श्रेयस अय्यर को अच्छा कप्तान बनाया

मुम्बई (ए.)। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स टीम ने आईपीएल के इस 19 वें सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम ने अब तक के अपने दोनो मुकाबले आसानी से जीते हैं।




पिछले सत्र में भी श्रेयस की कप्तानी में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था पर तब वह उपविजेता रही थी। अब इस सत्र में टीम का लक्ष्य खिताब जीतना है। टीम के युवा खिलाड़ी भी अपने कप्तान से खुश हैं। इसी कड़ी में तेज तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख ने अय्यर को एक अच्छा कप्तान बताया और कहा कि कि वह हमेशा अपने साथियों का समर्थन करते हैं। अगर किसी खिलाड़ी का प्रदर्शन कमजोर हो तो भी वह बचाव करते है। एक गेंदबाज के लिए इस प्रकार का समर्थन जरुरी है। वह बेहतीन खिलाड़ी हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वह जल्द ही टीम इंडिया के कप्तान बनेंगे।वैशाख ने अय्यर के व्यवहार को टीम की सफलता की बड़ी वजह बताया। उन्होंने कहा, वह टीम का माहौल हमेशा हल्का रखते हैं। वह हर खिलाड़ी से एक जैसा व्यवहार करते हैं, चाहे वह सीनियर हो या जूनियर। यही चीज हमें और ज्यादा सहज बनाती है।

## कैमरून ग्रीन का खराब प्रदर्शन जारी, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने केकेआर मैनेजमेंट को दी ये सलाह

नईदिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी कैमरून ग्रीन इस सीजन वैसा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं जैसा उनसे केकेआर फैंस को उम्मीद थी. वो अब तक खेले गए तीन मैच में केवल 24 रन ही बना पाए है. आईपीएल 2026 में ग्रीन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 10 गेंदों में 18 रन बनाकर तेज तर्रार अंदाज में अपनी पारी की शुरुआत की थी, लेकिन वह लंबी पारी नहीं खेल सके।

उसके बाद दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वह 2 रन बनाकर रन आउट हो गए. जबकि तीसरे मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच में भी वह 4 रन बनाकर सस्ते में आउट हो गए. उनके लगातार खराब प्रदर्शन ने लोगों का ध्यान खींचना शुरू कर दिया है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने ग्रीन की फॉर्म पर अपनी राय देते हुए कहा कि उनके खेलने के तरीके में कुछ चिंताजनक बातें साफ नजर आ रही हैं. फिंच ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से बातचीत में कहा, उनमें से एक बार वह रन आउट हुए थे, जिसमें उनकी कोई गलती नहीं थी. फिर भी, वह दो बार नाकाम रहे हैं. उनमें थोड़ी घबराहट दिख रही है, वह अब पहले जैसे नहीं लग रहे।

फिंच ने आगे कहा, याद है जब वह एमआई के लिए बैटिंग ऑर्डर में ऊपर खेलते थे, तब उनका खेलने का अंदाज कितना अलग होता था. तब वो क्रीज पर वह तब काफी हावी होकर खेलते थे. अब वह थोड़े हिचकिचाते हुए दिख रहे हैं. उन्हें बैटिंग ऑर्डर में नीचे मत भेजो. या तो उन्हें ऊपर भेजो, या फिर उन्हें आराम दो।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथः मार्च महीने के लिए नामांकित हुए जसप्रीत बुमराह और संजू सैमसन

नईदिल्ली, (आरएनएस)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मार्च महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए जसप्रीत बुमराह और संजू सैमसन को नामांकित किया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप 2026 का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इनके अलावा दक्षिण अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन भी इस पुरस्कार के लिए नामित हुए हैं। बता दें कि एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

टी-20 विश्व कप में सैमसन को शुरुआती मुकाबलों में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला। हालांकि, जब उन्हें चुना गया तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीता था। इस खिलाड़ी ने 5 मैच की 5 पारियों में 80.25 की उम्दा औसत और 199.37 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए थे। मार्च 2026 में उन्होंने 3 पारियों में 137.50 की औसत और 199.27 की शानदार स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए थे।

बुमराह ने टी-20 विश्व कप 2026 में 8 मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने 12.42 की औसत के साथ 14 विकेट लिए थे। वह उस टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। मार्च में बुमराह ने 3 मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने कुल 7 विकेट लिए थे। उन्होंने टी-20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट (4/15) लिए थे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पहली टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 5 मैचों में 200 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 50.00 और स्ट्राइक रेट 145.98 रहा था। एसए20 सीजन में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद, एस्टरहुइज़न ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय की शुरुआत 45* रन बनाकर की थी। सीरीज के चौथे मैच में उन्होंने 33 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

# IPL 2026: एक नहीं, केकेआर के सामने नजर आ रहीं कई मुश्किलें, बिगड़ सकता है पूरा गणित

नई दिल्ली (आरएनएस)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की शुरुआत आईपीएल 2026 में निराशाजनक हुई है। तीन मुकाबलों के बाद भी केकेआर को इस सीजन की अपनी पहली जीत की तलाश है। तीन बार की चैंपियन केकेआर के सामने कई परेशानियां नजर आ रही हैं, जिसका हल अगर समय रहते नहीं खोजा गया, तो टीम को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। सलामी जोड़ी की समस्या: केकेआर के लिए इस सीजन पारी का आगाज फिन एलन और अजिंक्य रहाणे करते हुए नजर आए हैं। एलन ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, लेकिन रहाणे की फॉर्म चिंता का विषय है। कुछ दमदार शॉट्स लगाने के बाद रहाणे पावरप्ले में काफी धीमे पड़ जा रहे हैं। वहीं, एलन शुरुआत तो धमाकेदार अंदाज में कर रहे हैं, लेकिन अब तक वह बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं।कैमरून ग्रीन की खराब फॉर्म- केकेआर ने ऑक्शन में कैमरून ग्रीन के लिए 25.20 करोड़ रुपये खर्च किए थे। हालांकि, ग्रीन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा बताई गई उनकी पीठ की इंजरी और वर्कलोड मैनेजमेंट के नाम पर शुरुआती मुकाबलों में गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही बल्लेबाजी में भी नंबर तीन पर खेलते हुए कोई खास कमाल नहीं दिखा पा रहे हैं। 3 मुकाबलों के बाद ग्रीन के बल्ले से सिर्फ 24 रन निकले हैं। मिडिल ऑर्डर: केकेआर का मिडिल ऑर्डर भी आईपीएल



2026 में खोखला नजर आ रहा है। अंगकृष रघुवंशी ने जरूर नंबर 4 पर खेलते हुए अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया है, लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजों का कोई खास साथ नहीं मिल सका है। आमतौर पर केकेआर के लिए फिनिशर की भूमिका निभाने वाले रिंकू सिंह को इस सीजन नंबर पांच पर उतारा जा रहा है।

रिंकू ने 2 पारियों में 68 रन तो बनाए हैं, लेकिन उनका विस्फोटक अंदाज देखने को नहीं मिला है। रमनदीप सिंह,अनुकूल रॉय और सुनील नरेन से केकेआर हर मुकाबले में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकती है। नरेन को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नंबर 8 पर भेजा गया था और वह सिर्फ 12 रन ही बना सके थे। वहीं, रमनदीप 10 और अनुकूल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए थे। मध्यक्रम में अनुभवी या बड़े बल्लेबाज की कमी साफतौर पर दिखाई दे रही है। गेंदबाजी भी बनी सिरदर्द: केकेआर के लिए आईपीएल 2026 में तेज गेंदबाजी को सबसे कमजोर कड़ी माना जा रहा था। यह बात शुरुआती मुकाबलों में पूरी तरह से सही साबित भी हुई है। वैभव अरोड़ा और ब्लेसिंग मुजरबानी काफी महंगे साबित हुए हैं। वहीं, कार्तिक त्यागी भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके हैं। पेस के साथ स्पिन विभाग में वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की खराब फॉर्म ने टीम की परेशानियों में इजाफा करने का काम किया है। वरुण-नरेन की जोड़ी पर केकेआर पिछले कुछ सालों से काफी निर्भर रही है और इन दोनों का खराब प्रदर्शन टीम को भारी पड़ रहा है।

# विदेश समाचार

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई की हालत गंभीर, कोम शहर में इलाज जारी

तेहरान, (आरएनएस)। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को लेकर बड़ा दावा सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के शहर कोम में उनका इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि वह बेहोश हैं और किसी भी फैसले में शामिल नहीं हो पा रहे। यह पहली बार है जब उनकी जगह सार्वजनिक हुई है। तेहरान से करीब 140 किमी दूर कोम को शिया इस्लाम का धार्मिक केंद्र माना जाता है।



रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजरायल की खुफिया एजेंसियों को पहले से उनकी लोकेशन की जानकारी थी। एक डिप्लोमैटिक मेमो में कहा गया है कि मोजतबा गंभीर हालत में हैं और शासन के फैसलों से दूर हैं। इसी बीच, 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल की स्ट्राइक में मारे गए उनके पिता अली खामेनेई के शव को कोम में ही दफनाने की तैयारी चल रही है, जहां बड़े मकबरे के निर्माण की भी बात सामने आई है।

ईरान ने पुष्टि की है कि मोजतबा खामेनेई उसी हमले में घायल हुए थे, जिसमें अली खामेनेई, उनकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्य मारे गए। हमले के बाद से मोजतबा सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं। हालांकि, ईरानी सरकार का कहना है कि वह अभी भी देश की कमान संभाल रहे हैं, लेकिन उनकी हालत को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं।

## इजरायल की ईरान को बड़ी चेतावनी, अगले 12 घंटे तक ट्रेन और ट्रैक से दूर रहें

यरूशलम (आरएनएस)। इजरायल ने ईरान के लोगों के लिए बड़ी चेतावनी जारी की है। उसने बड़े हमले की संभावना जताते हुए सभी लोगों से अगले 12 घंटे में रेलवे ट्रेन से दूर रहने की अपील की है। इजरायली सेना ने अपने फारसी एक्स अकाउंट में लिखा कि ट्रेनों में और रेलवे लाइनों के आस-पास आपकी उपस्थिति आपके जीवन को खतरे में डाल सकती है। बता दें कि अमेरिका ने भी ईरान को मंगलवार रात 9 बजे तक अल्टीमेटम दिया है।

इजरायली सेना ने लिखा, ईरान में ट्रेन यात्रियों के लिए तत्काल चेतावनी। प्रिय नागरिकों, आपकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं कि अभी से लेकर ईरान के समय अनुसार 9 बजे तक, आप पूरे ईरान में ट्रेन का उपयोग करने और उससे यात्रा करने से बचें। ट्रेनों में और रेलवे लाइनों के आस-पास आपकी उपस्थिति आपके जीवन को खतरे में डाल सकती है।शांति प्रयासों के बीच ईरान और इजरायल का एक-दूसरे पर हमला जारी है।सूत्रों ने बताया कि मंगलवार तड़के अमेरिकी-इजरायली हमलों में तेहरान में एक यहूदी प्रार्थना स्थल रफी-निया सिनेगॉग पूरी तरह नष्ट हो गया। बता दें कि ईरान में यहूदी धर्म को आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त है, और यहां अभी भी यहूदियों की एक छोटी आबादी है। वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद कई यहूदी देश छोड़कर चले गए थे।

## अमेरिका के रेस्क्यू ऑपरेशन के बीच में चीन ने कर दिया खेल, दुनिया हैरान

### दावा- कार्गो विमान पहुंचे ईरान, जो यूरेनियम था निकाल ले गया ड्रैगन

बीजिंग,(ए.)। जब दुनिया की नजरें एक तरफ अमेरिका के रेस्क्यू ऑपरेशन पर टिकी थी। जहां एफ15 ईगल के पायलट को बचाने की जद्दोजहद चल रही थी। उसी वक्त एक ऐसा खेल हुआ जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया और यह खेल चुपचाप हुआ। बिना शोर के और सीधे अमेरिका को यहां पर चैलेंज दिया गया। यह दावा किया गया कि चीन ने ईरान में अपने विमान भेजे और उन्हीं विमानों में हथियार भी पहुंचाए साथ ही ईरान का जो यूरेनियम था वो भी बाहर निकाल लिया।

रिपोर्ट्स और चर्चाओं में यह दावा सामने आ रहा है कि चीन के कार्गो विमान ईरान पहुंचे। ऊपर से लॉजिस्टिक सपोर्ट दिख रहा था, लेकिन अंदर क्या था? यह सबसे बड़ा सवाल अब भी बना हुआ है। दावा किया जा रहा है कि इन विमानों में मिसाइल के पार्ट्स, डिफेंस इक्विपमेंट भेजा गया और वापसी में ईरान का संवेदनशील यूरेनियम साथ ले गया। अगर यह सच है तो इसके पीछे का



गेम क्या है? अमेरिका ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को खत्म करना चाहता है। यूरेनियम सबसे बड़ा टारगेट है अमेरिका का। अगर चीन उसे अपने पास ले जाता है तो सीधे-सीधे इसे अमेरिका को चैलेंज करना है और अमेरिका को यह मैसेज देना है कि अब अगर हिम्मत है तो चीन से इसे लेकर दिखाए यानी ईरान को भी बचाया और खुद को भी एक बड़ी स्ट्रेटेजिक पोजीशन पर चीन यहां पर ले आया। यह दावा सामने आया है कि यह सब कुछ उस समय हुआ जब अमेरिका अपने पायलट को बचाने में उलझा था। ऑपरेशन चलाया जा रहा था। फोकस था रेस्क्यू मिशन पर। मीडिया का ध्यान वहीं था और इसी डिस्ट्रैक्शन के बीच चीन ने अपना ऑपरेशन पूरा कर लिया।

क्या यह वाकई संभव है? अगर कार्गो फ्लाइट्स पहले से ही अप्रूव्ड हो। मिलिट्री कोऑर्डिनेशन पहले से ही बेहतर हो और ऑपरेशन हाई सीक्रेट रखा जाए, लेकिन अभी तक बता दें कोई भी आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है और ना ही कोई ठोस सबूत सामने आए हैं इस दावे को लेकर। कुल मिलाकर कहे तो यह एक स्ट्रांग जियोपॉलिटिकल थ्योरी समेत सामने आई हैं इस पूरी स्थिति को देखकर जिसे अभी जांचा जाना बाकी है और अगर यह दावा सही साबित होता है तो यह गेम चेंजर भी साबित होगा मिडिल ईस्ट की जंग पर। सीधे चीन जो अमेरिका को चैलेंज कर रहा है।ईरान को न्यूक्लियर शील्ड मिल जाएगी और पावर बैलेंस पूरी तरह से यहां पर बदल सकता है। यानी यह सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं यह ग्लोबल पावर शिफ्ट की शुरुआत हो सकती है।

## ट्रंप के अल्टीमेटम का समय नजदीक, ईरान में बिजली संयंत्रों के आसपास मानव श्रृंखला की तैयारी

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी को देखते हुए ईरान ने देशभर के युवाओं को एकजुट होने और अपना समर्थन देने की अपील की है। ईरान के खेल एवं युवा मंत्रालय ने खिलाड़ियों, कलाकारों, छात्रों समेत सभी युवाओं से देश के प्रमुख बिजली संयंत्रों के आसपास इकट्ठा होने और मानव श्रृंखला बनाने का आह्वान किया है। बता दें कि ट्रंप ने युद्धविराम पर फैसला लेने के लिए ईरानी प्रशासन को मंगलवार रात का समय दिया है।



युवा मामलों के उपमंत्री अलीरेजा रहीमी ने कहा कि यह पहल युवाओं ने की है और कई विश्वविद्यालय के युवाओं, कलाकारों, युवा संगठनों ने प्रस्ताव दिया कि हम देश के बिजली संयंत्रों के चारों ओर एक मानव घेरा बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि उज्ज्वल भविष्य के लिए ईरानी युवाओं की मानव श्रृंखला नामक अभियान एकता और दृढ़ संकल्प को दर्शाने के लिए है, जो बुनियादी ढांचे की रक्षा का प्रतीक होगा। इस दौरान युवा संयंत्रों के चारों ओर खड़े होंगे।ट्रंप ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और युद्धविराम पर समझौता करने के लिए मंगलवार रात 8 बजे (पूर्वी समय) तक का समय दिया है। ट्रंप ने कहा है कि अगर तेहरान कोई पहल नहीं करता है तो अमेरिका उनके बुनियादी ढांचों पर हमला करेगा और इस बार निशाना पुल और बिजली संयंत्र होंगे।

# कौन होगा संयुक्त राष्ट्र में एंटोनियो गुटेरेस का उत्तराधिकारी, दो महिला नेताओं सहित कुल चार दावेदार



जिनेवा,(ए.)। संयुक्त राष्ट्र का नया महासचिव इस वर्ष चुना जाएगा और 1 जनवरी, 2027 से पांच वर्ष के लिए कार्यभार संभालेगा। वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का दूसरा कार्यकाल दिसंबर 2026 में समाप्त होगा। इस चुनाव में दो महिला नेताओं सहित कुल चार उम्मीदवार हैं, और यह ऐतिहासिक रूप से पहली बार है जब किसी महिला के महासचिव बनने की उम्मीद है। उम्मीदवारों को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा नामांकित किया जाना अनिवार्य है। इस बार दौड़ में चिली की पूर्व राष्ट्रपति और संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैचेलेट, कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति और व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की महासचिव रेबेका ग्रिन्स्पैन, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सॉल शामिल हैं। बैचेलेट को ब्राजील और मैक्सिको ने, ग्रिन्स्पैन को कोस्टा रिका ने, ग्रोसी को अर्जेंटीना ने और सॉल को बुरुंडी ने नामांकित किया है।

चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत 25 नवंबर को हुई, जब सुरक्षा परिषद और महासभा की अध्यक्षों ने सदस्य देशों से नामांकन आमंत्रित किया। उम्मीदवार 21 और 22 अप्रैल को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संवाद सत्रों में अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। प्रत्येक सत्र तीन घंटे का होगा और इसका ऑनलाइन प्रसारण किया जाएगा। उम्मीदवारों से महासभा के सदस्य देश प्रश्न पूछ सकते हैं। महासचिव की नियुक्ति 193 सदस्यीय महासभा द्वारा सुरक्षा परिषद की सिफारिश के आधार पर की जाती है। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य—चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका—वीटो शक्ति रखते हैं।

पिछले वर्ष सितंबर में एक प्रस्ताव में ''खेद'' जताया गया कि अब तक कोई महिला महासचिव नहीं बनी, और सदस्य देशों से महिला उम्मीदवारों को नामांकित करने का आग्रह किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई अभियान जैसे ''वुमेन एसजी'' और ''1 फॉर 8 बिलियन'' महिला महासचिव की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि महिला महासचिव केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता के लिए आवश्यक है। इस चुनाव में लैटिन अमेरिका की बारी है, लेकिन राजनयिक कुछ अन्य क्षेत्रों से भी उम्मीदवारों की उम्मीद कर रहे हैं। आगामी चुनाव वैश्विक स्तर पर नेतृत्व में विविधता और लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है।

### प्रक्रिया क्या है?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस वर्ष के अंत में महासभा को 10वें संयुक्त राष्ट्र महासचिव के चुनाव के लिए औपचारिक रूप से एक उम्मीदवार की सिफारिश करेगी। सुरक्षा परिषद आम सहमति बनने तक गुप्त मतदान करेगी, जिसे अनौपचारिक मतदान कहा जाता है। अनौपचारिक मतदान में प्रत्येक उम्मीदवार के लिए परिषद के सदस्यों को दिए गए विकल्प हैं- प्रोत्साहित करना, हतोत्साहित करना या कोई राय नहीं देना। अंततः, वीटो शक्ति रखने वाले पांच स्थायी परिषद सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस को एक उम्मीदवार पर सहमत होना होगा। अनौपचारिक मतदान में वीटो शक्ति के लिए मतपत्र परंपरागत रूप से 10 निर्वाचित सदस्यों के मतपत्रों से अलग रंग के होते हैं। जब 2016 में गुटेरेस को चुना गया था, तब सुरक्षा परिषद को सहमति तक पहुंचने में छह अनौपचारिक मतदान लगे थे।

## तुर्की के इस्तांबुल में इजरायल दूतावास के पास गोलीबारी, 3 लोगों की मौत

इस्तांबुल। तुर्की के इस्तांबुल में मंगलवार को इजरायली वाणिज्य दूतावास की इमारत के पास गोलीबारी की घटना हुई है, जिसमें 3 लोग मारे गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी एक उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में हुई, जहां दूतावास की उपस्थिति के कारण पुलिस नियमित रूप से तैनात रहती है। गोलीबारी में 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। गोलीबारी किसने की है, इसको लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# हनुमान जी का नाम लेकर मंगलवार को उतरे सीवन नदी में जय श्री राम का नारा लगाते हुए

## उदयपुर राजस्थान से बड़ा मदद का हाथ सीवन मां के लिए






सीहोर( निप्र) । आज दिन मंगलवार को पांचवें दिवस पर कर्मयोगी वास्तविक हीरो हमारे देश के मजदूर अपनी जान की फिक्र ना करते हुए नदी में उतर गए जलकुंभी निकालने हेतु उन्हें पता होता है की नदी में विभिन्न जीव जंतु कीड़े मकोड़े सांप बिच्छू आदि होते हैं लेकिन उनका जज्बा देखिए उनका जुनून देखिए उत्साह देखिए लगन देखिए की अपना कर्म करने हेतु सीवन मां की सेवा करने हेतु उतर गए उसे स्वच्छ करने कोसुबह 9:30 बजे शिव नदी में मजदूर भाई उतरे और देखते ही देखते उन्होंने नदी जो की जलकुंभी से भरी हुई थी उसे पानी के तब के तालाब में तब्दील कर दिया सुबह मजदूरों को मार्गदर्शन देने के लिए राजकुमार सोनी पहुंचे साथ में सिवन पुत्र मुकेश राय, प्रकाश यादव, प्रदीप चावड़ा ,कैलाश चव्हाण उपस्थित रहे।

और इसी बीच शिव बारात के संस्थापक लोकेश सोनी जी भी पहुंचे साथ ही स्थानीय पार्षद सुदीप व्यास जी भी पहुंचे और साथ ही मजदूरों की व्यवस्था करवाने वाले उदयपुर राजस्थान से डॉक्टर राहुल खत्री के पिता रमेश खत्री भी पहुंचे लगभग आज 22 ट्रॉली जलकुंभी निकल गई शाम 5:30 बजे मजदूरों का स्वागत रखा गया जो की मजदूरों को का उत्साह बढ़ाने हेतु होता हैइसमें वरिष्ठ नागरिक रमेश खत्री द्वारा सभी को हर फूल वी दुपट्टा उड़ा कर सम्मान दिया इस अवसर पर कॉमर्स कोचिंग के संचालक अभिषेक राय दीपक बाथम व क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे ।।

# बाल विवाह की रोकथाम उद्देश्य से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## आष्टा में दरबार रेस्टोरेंट से 02 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



सीहोर( निप्र) । कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए आष्टा में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री मृगी अग्रवाल द्वारा आष्टा के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडी रोड़ स्थित दरबार रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर रेस्टोरेंट से 02 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

# जेल में बंदियों को दिया जा रहा कौशल प्रशिक्षण, जेल से छूटने के बाद स्वरोजगार में होगा सहायक

सीहोर( निप्र) । सीहोर स्थित जिला जेल में बैंक ऑफ इंडिया स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बंदियों के लिए 12 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण में 40 बंदियों को विभिन्न कलाओं जैसे प्लम्बरिंग कार्य, मोटर रिपेयरिंग, इलेक्ट्रीशियन कार्य, ड्रेस




डिजाइनिंग, मोटर बाइंडिंग, मोमबत्ती निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, साबुन निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद बंदियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण बंदियो को जेल से छूटने के बाद स्वरोजगार पाने में सहायक होगा। जल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल ने बताया कि जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को कौशल प्रशिक्षण दिलाकर समुदाय में उनके पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# म प्र शिक्षक संघ ने विधायक जी को सौंपा ज्ञापन

सीहोर( निप्र) । माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिनांक 19/09/2025 को दिए गए टी ई टी निर्णय पर पुनर्विचार याचिका लगाने एवं विधायी



हस्तक्षेप हेतू आज दिनांक 7 अप्रैल 2026 को सीहोर के लोकप्रि य विधायक माननीय श्री सुदेश राय जी को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी द्वारा ज्ञापन सोपा गया एवं माननीय विधायक महोदय से अनुरोध किया गया कि वह अपने कार्यालय द्वारा इस पत्र को शिक्षा शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन को हस्तांतरित करें जिससे कि सरकार पर यह दबाव बना सके कि वह माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दायर की जा सके ।इसी क्रम में दिनांक 12 अप्रैल 2026 को सीहोर डाइट में म प्र शिक्षक की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन भी किया जाना है ।इस बैठक में संपूर्ण म प्र के प्रत्येक जिले से लगभग 300 शिक्षक पदाधिकारियों को भाग लेना है। इस अवसर पर प्रांतीय आयाम प्रमुख श्री विनय सिंह चौहान प्रांतीय सचिव अनिल सिंह मुक्तावत जिला सचिव जितेन्द्र सिंह राठौड़ , जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव , संगठन मंत्री श्री बीपी चंद्रवंशी जी एवं लोकेश उपाध्याय,लखनलाल महेश्वरी , राकेश केलोदिया , एकलव्य चाहर आदि उपस्थित रहें।

# राजस्व मंत्री ने इछावर सिविल अस्पताल में किया निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का शुभारंभ

## अच्छा स्वास्थ्य ही मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है - राजस्व मंत्री




सीहोर( निप्र) । राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इछावर सिविल हॉस्पिटल में मानसरोवर मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आमजन को शिविर का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। शिविर में महिला रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, नेत्र, ईएनटी सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया एवं परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 384 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच भी की गई। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा, सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया, मानसरोवर ग्रुप के प्रो-चांसलर ईआर. गौरव तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए किया प्रेरित

## बालिकाओं को बताया एचपीवी वैक्सीन का महत्व

सीहोर( निप्र) । जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अहमदपुर के पीएम श्री शासकीय कन्या विद्यालय की बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं को वैक्सीन के महत्व और इसकी कमी से होने वाले सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में सभी बालिकाओं ने अपना टीकाकरण कराया। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती यादव ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए चॉकलेट भी वितरित कीं। भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में एचपीवी का टीका लगवाने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पुस्तक मेले से दो-दो नोटबुक वितरित की गई। इसके साथ ही स्कूल द्वारा बालिकाओं को शीतल पेय(लस्सी) भी पिलवाई गई।

# राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले की 95 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

सीहोर( निप्र) । शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 07 अप्रैल को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 1319 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई।

### ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर शिविर लगाकर किया गया 853 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर( निप्र) । स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 07 अप्रैल को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 648 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 205 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 110 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# कलेक्टर ने की जिले में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

## विकास एवं निर्माण कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं - कलेक्टर

सीहोर( निप्र) । कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभागों की बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मैदानी अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूर्ण कराए। इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने भी संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्यो की मॉनिटरिंग करें और कार्यों को जल्द से जल्द से पूर्ण कराएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य के लिए उतनी ही समय सीमा बताई जाए जितने समय मे वह कार्य पूर्ण हो सके। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के कारण यदि कही सड़क निर्माण कार्य में दिक्कत आती है, तो वहां त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया जाए और निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। बैठक में विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लोक निर्माण विभाग संभाग सीहोर द्वारा कुल 67 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 51 प्रगतिरत है। इसी प्रकार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीहोर द्वारा 38 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 36 प्रगतिरत हैं।

# बाल विवाह रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत दें सूचना

सीहोर( निप्र) । महिला एवं बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर द्वारा सीहोर के वार्ड क्रमांक 25 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर बाल विवाह रोकथाम के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती निधि शर्मा द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह की रोकथाम के लिए संचालित कन्ट्रोल रूम के बारे में जानकारी दी और बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि यदि कहीं आसपास बाल विवाह होता दिखे तो इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर तुरंत दें।

# कालोनाईजर जबरन बना रहा है अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालोनी में भारी वाहन निकालने के लिए सड़क

*नागरिकों ने कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर दर्ज कराया विरोध कालोनी नगर पालिका के हैण्ड ओवर,कालोनाईजर का हक नहीं*



सीहोर( निप्र) । कालोनाईजर जबरन अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी में भारी वाहन निकालने के लिए सड़क बना रहा है जबकी कालोनी नगर पालिका के हैण्ड ओवर हो चुकी है। अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी पर अब कालोनाईजर का कोई भी हक नहीं है। नागरिकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर विरोध दर्ज कराया है। नागरिकों का कहना है कि कालोनी समस्त शासकीय विभागो से स्वीकृत प्राप्त है। कालोनाईजर ने कवर्ड केम्पस के नाम पर ही प्लाट बेचे है। कालोनाईजर के इशारे पर तथाकथित लोंगो द्वारा कालौनी की बाउण्ड्री तोड़कर बार बार सड़क बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस कारण नागरिक पूर्ण रूप से असुरक्षित हो गए है। नागरिकों ने कालोनाईजर पर नगर पालिका के हैण्ड ओवर कालोनी में जबरन सड़क बनाने और कालोनी की दीवार तोडने् वाले लोगों पर सख्त कार्रवाही करने की मांग की है ।कलेक्ट्रेट पहुंचे नागरिकों ने बताया कि गणेश मंदिर रोड़ स्थित कुल क्षेत्रफल 2.465 हैक्टेयर में अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी निर्मित है। जिस में बच्चों के लिए खेलने और बुजुर्गो के लिए योगा आदि के लिए पार्क है,कालौनीवासियों की अपनी सुरक्षित निजी प्रायवेसी है। कालौनी की बाउण्ड्री के बाहर चारो तरफ रास्ते मौजूद है।

यह रास्ते आसपास लगी हुई भूमियों तक जाते है लेकिन जमीनो की खरीद फरोख्त करने वाले कुछ लोगो द्वारा हमारी कालौनी की बाउण्ड्री बाल को तोड़कर निजी रास्ता बना दिया जाता है। कालौनीवासियों द्वारा एक राय होकर पुन: बाउण्ड्री बना ली गई है। जबकी अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी के बाहर सर्वे नंबर 16, 17, 21 अथवा अन्य नंबरों पर आने जाने के अन्य रास्ते पूर्व से ही मौजूद है। कालोनाईजर का अब कोई अधिकार अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी पर नही है। शासन प्रशासन से मांग की है कि कालौनीवासियों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

# हत्या के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग

## क्षत्रिय राजपूत महासभा ने कलेक्ट्रेट में दिया ज्ञापन



सीहोर( निप्र) । क्षत्रिय राजपूत महासभा ने अशोका गार्डन भोपाल में असामाजिक तत्वों के द्वारा की गई हत्या की घटना के विरोध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया। क्षत्रिय राजपूत महासभा द्वारा मृतक विजय सिंह राजपूत की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी आसिफ उर्फ बम एवं उसके सभी सहयोगियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्वाही करने और मृतक की पत्नी रेखा राजपूत को शासकीय नौकरी प्रदान करने की मांग की गई। क्षत्रिय राजपूत महासभा ने कहा कि हत्या की घटना अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है। देखा जा रहा है कि विशेष वर्ग के असामाजिक तत्वों द्वारा एक चिंताजनक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। असामाजिक तत्व अपने हाथों में चाकू, छुरा जैसे घातक हथियार लेकर घूमते दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति समाज की शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। पुलिस के द्वारा आरोपी आसिफ उर्फ बम को हाफ नहीं पूर्ण एनकांडटर करना चाहिए। जिससे की समाज में असमाजिक तत्वों का खौफ समाप्त हो और अवैध रूप से हथियार रखने वाले व्यक्तियों की सघन जांच कर एवं कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर शीघ्र न्याय सुनिश्चित किया जाए और स्वर्गीय विजय सिंह राजपूत की पत्नी रेखा राजपूत की दोनों बच्चियों उमिका और यति की शिक्षा की संपूर्ण व्यवस्था शासन के द्वारा केंद्रीय विद्यालय जैसी संस्थाओ में की जाए। पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। ज्ञापन देते समय विजेंद्र सिंह सिसोदिया दीपक सिंह परिहार, राजा सिंह गोहिल,अनमोल सिंह राजपूत,दुर्गेश सिंह राजपूत,सुनील सिंह सिसोदिया,राजेंद्र सिंह,कृष्ण सिंह, भोजराज सिंह,जगदीश सिंह,राहुल सिंह केलवा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जिले में पीएनजी के उपयोग को बढ़ावा देने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

## पीएनजी से शेष उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए आयोजित किए जाएंगे विशेष कैंप

सीहोर( निप्र) । कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में एलपीजी के विकल्प के रूप में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के उपयोग को बढ़ावा देने और आगामी तीन माह में जिले में पीएनजी कनेक्शनों का अधिकतम विस्तार करने के निर्देश दिए हैं। जारी निर्देशानुसार जहां-जहां पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है, वहां शेष उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में पीएनजी के लाभों की जानकारी दी जाएगी और उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, जिला स्तरीय सीजीडी समिति की बैठकों में नियमित समीक्षा कर कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। जिले में आगामी तीन माह में पीएनजी के विस्तार के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। पीएनजी अर्थात पाइप्ड नेचुरल गैस, एक ऐसी गैस है जो पाइपलाइन के माध्यम से सीधे घरों, संस्थानों और उद्योगों तक पहुंचाई जाती है। यह एलपीजी सिलेंडर की तरह बार-बार भरवाने की जरूरत नहीं होती, बल्कि लगातार सप्लाई बनी रहती है।


**प्रारूप-11**

**म0प्र0 भू-राजस्व संहिता ( भू-राजस्व कि उगाही ) नियम, 2020**

**समक्ष न्यायालय तहसील न्यायालय तहसीलदार जावर**

प्रकरण क्रमांक 0001/अ-76/2025-26

**स्थावर संपत्ति का विक्रय की उदघोषणा**

**( म0प्र0 भू-राजस्व संहिता, 1959 कि धारा 147( 1 )( ग ) के अधीन )**

क्योंकि नीचे वर्णित स्थावर संपत्ति मोहम्मद यामीन पिता शरफत हुसैन उम्र 44 वर्ष निवासी बडी मस्जिद के सामने मेहतवाडा तहसील जावर जिला सीहोर पर वसुली के लेखे देय रूपये 1208000 तथा आदेशिका जारी तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे देय रूपये 500 की वसूली हेतू कुर्क की गईहै।

एतद् द्वारा उदघोषणा की जाती है कि यदी इसमें विक्रय के लिए नियत दिनांक से पूर्व उपरोक्त सम्पूर्ण राशी का भुगतान नहीं कर दिया जाता है तो उक्त संपत्ति का विक्रय न्यायालय तहसीलदार जावर पर दिनांक 22/04/2026 को समय 11 बजे या उसके लगभग सार्वजानिक नीलामी द्वारा कर दिया जायेगा।

विक्रय का विस्तार केवल उक्त संपत्ति में उक्त बकायादार के अधिकारों हको तथा हितों तक सीमित होगा।

**संपत्ति कें ब्योरे**

| अनुक्रमांक | विवरण | निर्धारण ( यदि कोई हो )( रूपये में ) | किसी भी ज्ञात भार आदी की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | माननीय प्रथम श्रेणी न्यायाधीश के प्रकरण क्रमांक एससीएनआईए/256/2019 निर्णय दिनांक 22/02/2025 अनुसार ग्राम मेहतवाड़ा तहसील जावर में अभियुक्त के नाम से दर्ज भूमि सर्वे न0 367 में स्थित भूखण्ड क्रमांक 530 रकबा 63 वर्गमीटर के कुर्क कच्चे मकान की नीलामी की कार्यवाही। | 1208500 रूपये | - |

जी/11167/26

तहसीलदार
तहसील-जावर


हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com